हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 14 जून 2026

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 27.4 डिग्री


व्यापार विहार सड़क पर अवैध पार्किंग।



## मुख्यमंत्री साय आज बोदरी में



**बिलासपुर।** छग के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 जून को बिलासपुर प्रवास पर रहेंगे। श्री साय ग्राम पोंड़ी राछा मैदान विकास खंड नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा से दोपहर 1.15 बजे हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 1.15 बजे बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट चकरभाठा बिलासपुर पहुंचेंगे। दोपहर 1.50 बजे वे यहां से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1.55 बजे संत गाडगे चौक बोदरी पहुंचेंगे। वे दोपहर 2 बजे संत शिरोमणी गाडगे जयंती शपथ ग्रहण सम्मान समारोह एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात दोपहर 3.20 बजे बोदरी से कार द्वारा बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट चकरभाठा पहुंचकर रायपुर के लिए रवाना होंगे।

# सीयू में नए कुलपति चयन के लिए एक नहीं, दो बार हुई बैठक

- तकनीकी पेंच से बचने कराई कार्यपरिषद की आपात बैठक
- अब प्रो. चक्रवाल फिर शामिल हो सकते हैं कुलपति की दौड़ में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

अलग खबर

लगातार विवादों को लेकर इन दिनों सेंट्रल यूनिवर्सिटी चर्चा का विषय बनी हुई है। नया विवाद कार्यपरिषद की बैठक का है जो 12 और 13 जून को दो बार आयोजित की गई।

ताजा मामला नए कुलपति के चयन के लिए विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद से शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार को भेजे जाने वाले तीन नामों के पैनल से जुड़ा बताया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर नए कुलपति के चयन के लिए गठित होने वाली सर्च कम सिलेक्शन कमेटी के लिए तीन नामों का पैनल फाइनल करके 12 जून को शाम 5 बजे कार्यपरिषद की आपात बैठक का आयोजन किया।




12 जून की बैठक की अध्यक्षता खुद कुलपति प्रो. चक्रवाल ने की। कार्यपरिषद ने सर्वसम्मति से तीन नाम के पैनल को फाइनल कर दिया। सूत्र बताते हैं कि पहली बैठक में प्रो. नागेश्वर राव नैक ईसी के अध्यक्ष, वर्धा महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा और प्रो. संजीव सोनावने कुलपति महाराष्ट्र ओपन यूनिवर्सिटी के नामों पर मुहर लगाई गई थी। बैठक की अध्यक्षता करने के बाद यह चर्चा हुई कि अब प्रो. चक्रवाल रिपीट नहीं हो सकेंगे, इसके लिए नई तरकीब की तलाश शुरू हुई।

### फंसा तकनीकी पेंच

12 जून की बैठक की अध्यक्षता करने वाले कुलपति प्रो चक्रवाल गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में दूसरे टर्म के लिए उम्मीदवार बनना चाहते थे, ऐसे में जानकारों ने समझाया कि यदि वे बैठक की अध्यक्षता करेंगे तो नये कुलपति की रेस में दूसरी बार अपनी दावेदारी पेश नहीं कर पायेंगे। करीबी समर्थकों ने प्रो. चक्रवाल को दोबारा गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय का कुलपति बनाने का रास्ता दिखाया। कुलपति ने 13 जून को 11 बजे दोबारा बैठक आयोजित करने का फैसला लिया। पहले कुलपति ने अपने ऑफिस में कार्यपरिषद सदस्यों की बैठक ली और फिर कुलपति प्रो.चक्रवाल की गैर मौजूदगी में कार्यपरिषद की दूसरी बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पूर्व कुलसचिव प्रो. शैलेंद्र कुमार ने की और कुलपति की दावेदारी का रास्ता साफ कर दिया। बताया जा रहा है कि इस बैठक में प्रोफेसर नागेश्वर राव की जगह सेंट्रल यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रोफेसर बेदी का नाम सर्च कमेटी में जोड़ा गया। इस बैठक में तीन सदस्य ऑनलाइन भी जुड़े थे।

### यूजीसी या शिक्षा मंत्रालय करेगा कोई कार्रवाई?

यह आश्चर्यचकित करने वाला घटनाक्रम है कि अपनी दावेदारी सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर किसी खास विषय के लिए आयोजित होने वाली बैठक की रुपरेखा ही बदल दी हो। जब पहली बैठक में तीन नाम फाइनल हो गये थे तो आखिर क्या वजह रही कि दूसरी बार बैठक आयोजित करना पड़ी। कुलपति चक्रवाल के विश्वविद्यालय में रहने के बाद भी वे बैठक से गैरहाजिर रहे। अब देखना दिलचस्प होगा कि शिक्षा मंत्रालय को कदम उठाएगा या फिर आज की रणनीति कामयाब हो जायेगी।

### 2009 के बाद आपात कार्यपरिषद की बैठक

2009 में सीयू बनने के बाद ये पहला अवसर है जबकि पैनल का नाम भेजने के लिए कार्यपरिषद की दो बार आपात बैठक आयोजित करनी पड़ी हो। सीयू की पूर्व कुलपति अंजिला गुप्ता के दौर में यह व्यवस्था की गई थी कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर रहते हुए दूसरे टर्म के लिए आवेदन किया जा सके। इसी व्यवस्था का लाभ उठाने के लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन ने पूरा खेला कर दिया।

### आज फिर से बैठक हुई

कल कार्यपरिषद की बैठक हुई थी, उसके बाद आज फिर से बैठक हुई है। बैठक में क्या विषय था और क्या निर्णय लिया गया इसके बारे में अभी जानकारी नहीं है।

- प्रो. मनीष श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी सीयू

# शराब दुकान को लेकर उबला महिलाओं का गुस्सा, उठी बंद करने की मांग

बिलासपुर। दयालबंद स्थित मधुबन मदिरा दुकान को बंद कराने की मांग को लेकर शनिवार को सुबह स्थानीय रहवासियों के साथ ही बड़ी संख्या में महिलाओं हल्ला बोल दिया। दुकान के बाहर धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि शराब दुकान के कारण क्षेत्र में आए दिन असामाजिक गतिविधियां बढ़ रही हैं और परिवारों का माहौल खराब हो रहा है।

आम लोगों के विरोध के बाद भी शहर के कई रिहायशी इलाकों में शराब की दुकानें खुल गई हैं। इसी का असर है कि लगातार शराबी नशे ही हालत में अपराध कर रहे हैं। शनिवार सुबह 11 बजे बड़ी संख्या में महिलाए मधुबन स्थित शराब दुकान पहुंच गईं, धरने की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस और आबकारी विभाग का उड़नदस्ता भी मौके पर पहुंच गया। अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं और स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रखने की अपील की। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से कहा कि वे मांगों और शिकायतों का लिखित आवेदन संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करें। आवेदन मिलने के बाद मामले को उच्च अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा और नियमानुसार उचित कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। प्रशासन के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया, जिसके चलते मधुबन मदिरा दुकान रोजाना की तरह पुनः संचालित होने लगी।

हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं होने पर बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगें।




### क्षेत्र में बढ़ चुकी हैं अपराधिक घटनाएं

स्थानीय निवासी शांति बंसोड़ ने बताया कि सड़क पर बैठकर शराबी शराब पी रहे हैं, हर आने जाने वालों के साथ गाली गलौच होने लगा है, जिससे बच्चों पर विपरीत असर पड़ने लगा है। रिजवाना परवीन ने बताया कि सुबह से ठेका खुल जाता है और आदमी काम में नहीं जाकर अपनी रोजी का शराब पीने लगता है, जिससे पारिवारिक सुख शांति भंग हो रही है, हमारी मांग है कि यहां हर हाल में शराब दुकान हटाई जाए। लक्ष्मीन साव ने बताया कि आबकारी विभाग अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए कहीं भी शराब दुकान खोल रहा है, मधुबन के शराब दुकान से निकलने वाले शराबी आए दिन महिलाएं और युवतियों के साथ छेड़खानी करते है और बच्चों को डराते-धमकाते है। ऐसे में दुकान हटाने ही एक मात्र उपाय है।

### बातचीत की गई

महिलाओं के साथ बातचीत की गई है, उनकी लिखित में शिकायत मिलने के बाद उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। दुकान सरकारी जगह पर ही बनाई गई है।

- **छबि लाल पटेल,** निरीक्षक, आबकारी


# बिजली बंद होने से पानी नहीं मिला, लोगों को लगानी पड़ी सुलभ शौचालय की दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिजली बंद के कारण शहर के लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। शनिवार की सुबह से ही दो दर्जन से अधिक क्षेत्रों में बिजली सप्लाई ठप रही। कई जगहों पर मेंटनेंस के नाम पर बिजली बंद की गई, वहीं कहीं-कहीं फाल्ट के कारण घंटों बिजली बंद रही, जिसके चलते लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंचा, हलाकान लोगों को सुलभ शौचालय और होटलों की दौड़ लगानी पड़ी।

शनिवार की सुबह 9 बजे से दरबार लाज और तेलीपारा जैसे इलाकों में बिजली बंद रही, इस दौरान लोगों के घरों में पीने का पानी तक नहीं पहुंचा और लोगों को निस्तारी के लिए सुलभ शौचालय जाना पड़ा। सिटी कोतवाली के सामने शौचालय जाकर लोगों ने अपने नित्य कर्म किए। इसके साथ ही सिविल लाइन, महिला थान, मसानगंज में सुबह 11 बजे से बिजली बंद रही, इस दौरान यहां लोगों को गर्मी में उबलना पड़ा और गोल बाजार एई को फोन पर जानकारी देने पर फाल्ट का सुधार हो सका है। इस दौरान यहां 5 घंटे तक बिजली गुल रही। साथ ही करबला रोड, टिकरापारा, जूना बिलासपुर, सरकंडा, कतियापारा में भी घंटों बिजली बंद रही।

तेलीपारा सहित कई इलाकों में मचा हाहाकार



### तापमान में मामूली कमी लेकिन उमस बरकरार

गर्मी के सितम थोड़े कम हुए है, लेकिन उमस में इजाफा हो रहा है। आसमान पर बादल छाने के कारण तापमान में मामूली कमी आई है। शनिवार को अधिकतम तामपान 40 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार मानसून के लिए अनुकुल परिस्थितियां बन चुकी हैं, इस दौरान तेज हवाएं चलने के साथ ही आसमान पर बादल छा सकते हैं। वहीं पूरी तरह से मानसून को आने में 4 से 7 दिनों का समय लग सकता है। इस दौरान प्री मानसून गतिविधियों से छिटपुट बारिश के आसार है, लेकिन राहत के लिए अच्छी बारिश का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है।

# थाने के पीछे ही बिक रही अवैध शराब, पुलिस को खबर नहीं

**बिलासपुर।** कोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ठीक सामने के पीछे अवैध तरीके से शराब बिक रही है, लेकिन पुलिस व आबकारी विभाग को इसकी खबर तक नहीं है। खास बात यह है कि जिस होटल में शराब बेची जाती है, वहां पुलिसकर्मी गुटखा और नाश्ते के लिए पहुंचते हैं, लेकिन इसके बावजूद बेखौफ तरीके से शराब बेची जा रही है।

शहर में अवैध शराब को पकड़ने में आबकारी विभाग फिसड्डी साबित हो चुका है, पिछले कई माह से शराब की एक बोतल तक नहीं पकड़ी गई है, लेकिन इसके विपरीत पुलिस का अमला लगातार हफ्ते दर हफ्ते अवैध शराब पर कार्रवाई करता है। बावजूद इसके कोनी थाना क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री हो रही है, दरअसल कोनी थाने के पीछे छोटे से होटल में अवैध शराब बिक रही है,दुकानदार अपने ग्राहकों की शक्ल देखकर शराब की बोतल निकाल कर देता है, यह दुकान लंबे समय से शराबियों के लिए अड्डा बना हुआ है। ताज्जूब की बात यह है दुकान में रोजाना पुलिसकर्मी भी अपनी नास्ते और गुटका लेने पहुंचते है, लेकिन इसके बाजवूद दुकानदार पर कभी कार्रवाई नहीं हो सकी है। दरअसल यह पूरा कारनामा सेटिंग पर चल रहा है, जिसके चलते कार्रवाई नहीं हो सकी है।



### की जाएगी कार्रवाई

आसपास कई होटल हैं, अगर कहीं भी शराब अवैध बिक्री हो रही है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। विडियो व फोटो के आधार पर कार्रवाई होगी।

- **विवेक पांडे,** टीआई कोनी थाना

### दुकान में मिलता है चखना और गिलास

दुकान में मदिरा प्रेमियों के लिए बकायदा चखना और गिलास उपलब्ध रहता है, और दिन के किसी भी समय शराब मिल जाती है। यहां मिलने वाली शराब वहीं शराब होती है जो सरकारी शराब दुकानों में मिलती है, महज प्रति बोतल 20 से 30 रूपए अतिरिक्त लेकर बेची जाती है। खास बात यह है कि जब दुकानों में स्टाक सीमित है और प्रति व्यक्ति 4 बाटल ही दी जाती है, तो दुकान में शराब कैसे पहुंच रही है। आसपास के लोगों के अनुसार यह धंधा आबकारी विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों की सांठगांठ से चल रहा है।

ढाबा में पुलिस का छापा

# शराबियों में मचा हड़कंप, संचालक सहित 6 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रायपुर रोड स्थित बालाजी ढाबे में बिना अनुमति लोगों को शराब पिलाई जा रही थी, पुलिस ने अचानक यहां छापा मारा तो शराब पी रहे शराबियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने 5 शराब पीने वालों व ढाबा संचालक को गिरफ्तार कर लिया है।


संचालक

चकरभाठा टीआई भावेश शेंडे को सूचना मिली कि रायपुर रोड स्थित बालाजी ढाबा में खुलेआम लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने स्टाफ के साथ अचानक ढाबा में छापा मारा। पुलिस को देखकर शराब पी रहे शराबियों में हड़कंप मच गया और वे भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने ढाबा में शराब पीते हर्ष श्रीवास पिता भागवत श्रीवास 25 साल उसलापुर, अभिषेक कुमार सिंह पिता अमरनाथ सिंह 23 साल यदुनंदननगर तिफरा, राजीव दुबे पिता महेन्द्र दुबे 29 साल बोदरी, मयंक सिंह पिता अशोक सिंह 27 साल यदुनंदननगर, बिट्टू कौशिक पिता राजेन्द्र कौशिक 28 साल बोदरी, ढाबा संचालक चकरभाठा केम्प निवासी अशोक जोतवानी पिता जीवतराम जोतवानी 51 साल को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।







कन्नौजे रजक समाज सेवा समिति संभाग बिलासपुर
शपथ ग्रहण, सम्मान समारोह एवं भूमिपूजन
में पधारे समस्त अतिथियों का
हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत....
लक्ष्मीकांत निर्णजक
संभागीय अध्यक्ष
रामेश्वर निर्मलकर
पूर्व संभागीय अध्यक्ष
नारद रजक
जिलाध्यक्ष बिलासपुर
प्रो. ओमप्रकाश निर्मलकर
श्री महादेव ज्वेलर्स
दीपक रजक
युवा भाजपा नेता
जीत रजक
युवा भाजपा नेता
गंगेय लाल निर्मलकर
पूर्व संभागीय महासचिव
विक्की निर्मलकर
सरपंच, ग्राम महमंद
विनीत-छत्तीसगढ़ कन्नौजे रजक समाज
सेवा समिति संभाग बिलासपुर
त्रिदेव रजक
महामंत्री, बेलतरा



धर्म-क्षेत्र

## वेदी की स्थापना कर किया गया दुग्धाभिषेक



**बिलासपुर।** श्रीराम मंदिर तिलकनगर में पुरूषोत्तम मास के निमित्त तीन दिवसीय व्रत का आयोजन किया गया है। इसके प्रथम दिवस



सर्वतोभद्रम वेदी की स्थापना एवं श्री राधा दामोदर का विधिवत दुग्धाभिषेक, श्रृंगार एवं भोग अर्पण कर आरती की गई। पूजन कार्य आचार्य मधुसूदन अडवे, मनोज दिघ्रस्कर एवं चिन्मय चिंचोलकर के सानिध्य में किया गया। इस पूजा के मुख्य यजमान नीरज चौबे ने पूजा सपत्नीक संपन्न की। कार्यक्रम में काफी संख्या में भक्तगण सम्मिलित हुए।

## कार्तिकेय का जन्म अग्नि में तेज के रूप में हुआ

भगवान कार्तिकेय, शिव और माता पार्वती के ज्येष्ठ पुत्र हैं। उनका जन्म देवताओं के विनाशकारी असुर ताड़कासुर का वध करने के लिए हुआ था। कार्तिकेय का जन्म अग्नि में तेज के रूप में हुआ था, जिसे गंगा ने अपने जल में समाहित कर लिया था। ये बातें



लोधीपारा में श्री राधा रानी महिल मंडली एवं मोहल्लेवासियों द्वारा आयोजित संगीतमयी श्री शिव पुराण ज्ञानयज्ञ कथा में कथा व्यास आचार्य संदीप द्विवेदी ने कार्तिकेय जन्म की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने बताया कि दैत्य ताड़कासुर ने कठोर तपस्या से भगवान ब्रह्मा को प्रसन्न कर यह वरदान प्राप्त कर लिया था कि उसकी मृत्यु केवल शिव के पुत्र के हाथों ही होगी। वरदान पाकर वह अमर हो गया और तीनों लोकों में हाहाकार मचा दिया।

कार्यक्रम

## योग महोत्सव में कराया जाएगा राजयोग मेडिटेशन

**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज़ की आध्यात्मिक सेवाओं के 90 वर्ष पूर्ण होने एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 जून रविवार को योग महोत्सव-2026 का आयोजन शिव अनुराग भवन राज किशोरनगर में किया जा रहा है। कार्यक्रम प्रातः 9 से रात्रि 9 बजे



तक चलेगा। जिसमें एक-एक घंटे के 12 राजयोग एवं मेडिटेशन के विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। संचालिका ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने कहा कि योग महोत्सव का मुख्य उद्देश्य लोगों को मेडिटेशन की ऐसी सरल एवं सहज विधि का अनुभव कराना है, जिसे वे अपने दैनिक जीवन में कहीं भी, कभी भी और किसी भी परिस्थिति में अपना सके। उन्होंने कहा कि आज अधिकांश लोग तनाव, चिंता, क्रोध, असुरक्षा और मानसिक दबाव से जूझ रहे हैं। ऐसे समय में यदि व्यक्ति दिन भर में हर घंटे केवल एक मिनट स्वयं के लिए निकालकर अपने विचारों को सकारात्मक दिशा दें, तो वह अपने मन को शांत, स्थिर और शक्तिशाली बना सकता है। उन्होंने कहा कि राजयोग मेडिटेशन की विशेषता यह है कि इसके लिए किसी विशेष आसन, स्थान या लंबे समय की आवश्यकता नहीं होती है। घर, कार्यालय, व्यवसाय, अध्ययन या किसी भी कार्य के दौरान कुछ क्षणों के लिए स्वयं से जुड़कर तथा परमात्म शक्ति का स्मरण कर व्यक्ति अपने मन को तनावमुक्त, एकाग्र और ऊर्जावान बना सकता है। आयोजन को अधिक व्यवस्थित बनाने क्यू आर कोड से पंजीयन, सुझाव और लाइव प्रसारण की सुविधा भी रहेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पंजीयन के दौरान सुझाव भी आमंत्रित किए जा रहे हैं।

# महिलाएं भी रक्तदान करने में नहीं हैं पीछे, समय पर बचा रहीं जान

बिलासपुर। शहर की महिलाएं भी रक्तदान के लिए जागरूक हो गईं हैं। इसी का परिणाम है कि जब इन महिलाओं को पता चला कि शहर के ब्लड बैंक में खून की कमी है और जरूरतमंद लोगों को समय पर जीवन दायनी रक्त नहीं मिल पा रहा है, तो वे रक्तदान शिविरों में स्वप्रेरित होकर पहुंच रही हैं। इन्हीं महिला रक्तदाताओं में कुछ ऐसी भी हैं, जो नियमित अंतराल में रक्तदान करतीं आ रही हैं और लोगों का बहुमूल्य जीवन बचा रही हैं।

8 सालों में कई लोगों को जोड़कर बनाई रक्त श्रृंखला

## शहर के ब्लड बैंक में खून की कमी देखकर लगातार रक्तदान



### मिलता है सुकून

34 बार रक्तदान कर चुकी सिरगिट्टी निवासी मनमीत कौर का कहना है कि कई बार देखने को मिला है कि समय पर रक्त नहीं मिलने पर मरीज की जान चली जाती है। वे ऐसे मरीजों के स्वजन की पीड़ा को समझती हैं। इसलिए नियमित अंतराल में रक्तदान कर लोगों की जान बचाने की कोशिश करती हैं। इससे सुकून मिलता है। हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। ये आपके लिए भी और दूसरों के लिए भी अच्छा रहता है।

### युवाओं को दे रहीं प्रेरणा

सीपत की रहने वाली जज्बा ग्रुप की सदस्य पूर्णिमा पाटनवार नई महिला रक्तदाता हैं। अभी तक वे 16 बार रक्तदान कर चुकी हैं। पूर्णिमा अब नियमित रक्तदान करते आ रही हैं और युवाओं को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित कर



रही हैं। पूर्णिमा अपने साथ अपनी सहपाठियों, दोस्तों को भी रक्तदान की महत्ता बताने का काम करती हैं। ताकि समय पर हर किसी को ब्लड मिल सके। पूनम पांडा 27 वर्ष ने भी 11 बार रक्तदान कर समाज को जागरूक किया। इसी तरह मोपका निवासी व ख्वाब वेलफेयर फाउंडेशन की सक्रिय सदस्य ईशिता चक्रवर्ती भी 18 बार रक्तदान कर चुकी हैं। उनका कहना है कि रक्तदान करके मुझे खुशी मिलती है, क्योंकि इसके माध्यम से एक बहुमूल्य जीवन बचता है। रक्तदान महादान है और रक्तदान करना शरीर के लिए भी अच्छा रहता है। हर किसी को नियमित अंतराल में रक्तदान करते रहना चाहिए और लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

### यह भी है रक्तदान के फायदे

- हर तीन महीने में एक बार रक्तदान करना चाहिए। इससे शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित होती है।
- स्ट्रोक व हार्ट अटैक से भी बचाव होता है।
- वजन घटाने में मदद मिलती है।
- एक बार के रक्तदान से कम से कम तीन लोगों को नया जीवन मिलता है। इससे खुशी और मानसिक संतुष्टि मिलती है।
- शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोतरी




# 8 साल में 23 बार रक्तदान, आधी आबादी कर रही जीवन रक्षा

शहर की आधी आबादी यानी महिला का प्रतिनिधित्व कर लोगों की जीवन की रक्षा का संदेश देने वाली महिलाएं अब रक्त श्रृंखला के तहत काम कर रही हैं। निस्वार्थ भाव से लोगों के जरूरत पर काम आती महिलाएं पुरूषों के बराबर रक्त का दान कर रही है।

## ब्लड डोनर के तौर पर जानी जाती है शहर की महिला समूह

### संध्या कर चुकी है 9 बार रक्तदान

शहर की 3 महिलाएं लोगों के लिए अब प्रेरणा बन रही है। जहां भ्रांति के कारण महिलाएं रक्तदान के लिए आगे नहीं आती थी, वहीं अब यह तीनों महिलाएं रक्त श्रृंखला के तौर



पर पहचान बना चुकी है, जिसमें से कई महिलाएं दुर्लभ रक्त ग्रुप है जिन्हें अनगिनत लोगों को रक्त देकर उनके जीवन की रक्षा करती हैं। इसी प्रकार हेमुनगर निवासी संध्या शर्मा (एबी प्लस) अबतक 9 बार रक्तदान कर चुकी है, दैनिक जिम्मेदारियों के कारण उन्हें रक्तदान का कम ही अवसर मिलता है लेकिन जब भी किसी भी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता होती है, वे निःस्वार्थ ही रक्तदान करती है।

### रेयर ब्लड ग्रुप, और 18 बार रक्तदान

तिफरा यदुनंदन नगर निवासी रोमा साहू 26 बार रक्तदान कर चुकी हैं। यह जान की हैरानी होगी कि उनका ब्लड ग्रुप रेयर बी निगेटिव है। उनका का



कहना है कि अक्सर देखने को मिलता है कि रेयर ग्रुप के रक्त की व्यवस्था करने के लिए लोग काफी परेशान होते हैं। कई बार हालत ऐसी बनती है कि ब्लड नहीं मिल पाता। मेरा सौभाग्य है कि मेरा ब्लड रेयर है। ऐसे में जब किसी को रक्त की आवश्यकता होती है, तब मैं रक्तदान करती हूं। मैं रेयर ब्लड ग्रुप की महत्व को समझती हूं।

### रक्त श्रृंखला का किया निर्माण

रक्त श्रृंखला का निर्माण करने वाले विनय जेपी वर्मा ने बताया कि पिछले कई सालों से वे रक्तदान कर रहे है, कई संगठनों के साथ जुड़ चुके है। उन्होंने बताया कि हमने महिलाओं को अपने साथ जोड़ने का प्रयास किया है। हाल के वर्षो में महिलाओं में जागरूकता आई है।

### रक्तदान में सहभागी बनें : सोमल

सरकंडा निवासी सोमल गौतम ने बताया कि कई बार लोगों को रक्त के लिए भटकते देखा है, उन्हें चाही गई रक्त ग्रुप नहीं मिल पाती है, और जरूरत पर डोनर भी उपलब्ध नहीं होता है। रक्तदान कर लोगों की जरूरत पर काम आएं, इसलिए सालों से रक्तदान में सहभागी बन रहे है।

# महिलाओं की छिपी प्रतिभाओं को नई पहचान दी

## एसईसीएल नारी राग-रंग महोत्सव का उत्साहपूर्ण समापन



**बिलासपुर।** श्रद्धा महिला मंडल की 'एसईसीएल नारी राग-रंग महोत्सव 2026' का शनिवार को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में भव्य समापन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि हरीश दुहन ने कहा कि महोत्सव ने महिलाओं की छिपी प्रतिभाओं को नई पहचान दी।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन एवं श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा शशि दुहन रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसईसीएल के निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास, श्रद्धा महिला मंडल की उपाध्यक्षागण अनीता फ्रैंकलिन, इप्सिता दास एवं शुभश्री महापात्र एवं श्रद्धा महिला मंडल की उपाध्यक्षगण, कार्यकारिणी सदस्याएं, कर्मचारीगण एवं उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री दुहन ने अपने संबोधन में कहा कि "नारी राग-रंग महोत्सव का उद्देश्य महिलाओं के भीतर छिपी प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना है। प्रतिभागियों के उत्साह और उत्कृष्ट प्रस्तुतियों ने सिद्ध किया है कि यह पहल अपने उद्देश्य में सफल रही है। भविष्य में भी महिलाओं की प्रतिभा, आत्मविश्वास और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करने हेतु ऐसे आयोजन निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। निर्णायकों का भी सम्मान हुआ।

### उत्कृष्ट प्रस्तुतियों ने मोहा मन

महोत्सव के द्वितीय दिवस समूह गायन, समूह नृत्य, स्टैंड-अप कॉमेडी, मिमिक्री तथा नाटक, स्किट प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान किया।



# नाटक, गीत पेश कर किया प्रतिभा का प्रदर्शन

## एनटीपीसी में आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान का समापन



**बिलासपुर।** एनटीपीसी सीपत के आवासीय परिसर में एनटीपीसी लिमिटेड की नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान का शनिवार को भावपूर्ण समापन हुआ। इस दौरान बालिकाओं ने नाटक, समूह गीत एवं अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रशिक्षण अवधि के दौरान अर्जित अपने अनुभव, आत्मविश्वास और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी के माध्यम से सीखी गई विभिन्न कलाओं को भी साझा किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल कलेक्टर का स्वागत विशिष्ट अतिथि स्वपन कुमार मंडल, परियोजना प्रमुख एनटीपीसी सीपत ने किया। मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल ने बालिका सशक्तिकरण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा, आत्मविश्वास और सही मार्गदर्शन किसी भी बालिका के भविष्य को नई दिशा दे सकता है।

शिखा मंडल अध्यक्षा संगवारी महिला समिति, आईपीएस अंशिका जैन बालिकाओं को अपने अनुभव साझा किया। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन एवं अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला, निशा यादव ने भी बालिकाओं को विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर महाप्रबंधक सुरोजीत सिन्हा, अशोक सरकार, विकास खरे, जयप्रकाश सत्यकाम, आदि उपस्थित थे।

### लाभान्वित हो रही बालिकाएं

विशिष्ट अतिथि श्री मंडल ने बताया कि अब तक एनटीपीसी सीपत में 525 बालिकाएं इस पहल से लाभान्वित हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम पूर्ण होने के बाद प्रत्येक वर्ष 10 मेधावी बालिकाओं को बाल भारती पब्लिक स्कूल एनटीपीसी सीपत में कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है।



कार्नर न्यूज

# ऑनलाइन योग सत्र से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने होगा प्रयास

**बिलासपुर।** आगामी 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन तथा 14 जून को आयोजित होने वाले गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हेतु सबसे बड़े ऑनलाइन योग सत्र में अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला आयुष कार्यालय बिलासपुर में जिला आयुष अधिकारी डॉ यशपाल सिंह ध्रुव की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



बैठक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिला आयुष अधिकारी डॉ ध्रुव ने बताया कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 14 जून रविवार को प्रातः सवा 6 से 7:35 बजे तक विश्व के सबसे बड़े ऑनलाइन योग सत्र के माध्यम से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक आयोजन का सीधा प्रसारण आयुष मंत्रालय के आधिकारिक यू-ट्यूब चैनल पर किया जाएगा। जिसमें देश-विदेश के लाखों लोगों के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता से भारत इस विश्व रिकॉर्ड को स्थापित करने में सफल होगा। आयुष मंत्रालय द्वारा टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। नागरिक इस नंबर पर मिस्ड कॉल देकर योग आंदोलन एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अभियान से जुड़ सकते हैं।

बैठक में डॉ अजय भारती, डॉ कोमल सिंह डोटे, डॉ रश्मि जितपुरे, डॉ अपर्णा मिश्रा, डॉ विश्वनाथ पटेल, डॉ भारती श्रीवास, डॉ योगेंद्रनाथ चौहान, योग प्रशिक्षिका लिली ठाकुर, रामेश्वर बरगाह, सतीश, हमिदा बेगम, रश्मि पांडेय, गोलू, अविनाश दुबे सहित आयुष विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी सरकंडा में समर कैंप का समापन

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के सरकंडा ब्रांच में लिटिल समर कैंप का आज समापन हुआ। यहां नवोदित खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया तथा प्रमाण पत्र देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, उनका उत्साह वर्धन किया गया। लिटिल समर कैंप में सरकंडा क्षेत्र में नए खेल मैदान में 50 दिन तक यहां स्कूली छात्र-छात्राओं को विभिन्न आयु वर्ग में क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया गया तथा बच्चों को क्रिकेट की तकनीक गेंदबाजी क्षेत्ररक्षण एवं बल्लेबाजी की आधुनिक तकनीक से जानकारी दी गई।

**बिलासपुर।** बॉलिंग मशीन से गेंदबाजी की तकनीक बच्चों को दी गई। पिछले 50 दिनों से फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के नए खेल मैदान में सरकंडा क्षेत्र के बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। क्रिकेट की तकनीक सीखी।



आज लिटिल समर कैंप के समापन अवसर पर फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान से बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर बिलासपुर एवं छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रहे हैं। पिछले 10 सालों से फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान महाराणा प्रताप चौक में शहर के खिलाड़ियों को क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और पहली बार एकेडमी ने 10 साल पूरा होने पर सरकंडा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए एक नए खेल मैदान में प्रशिक्षण शुरू किया है। आज समापन अवसर पर खिलाड़ियों के माता-पिता भी काफी संख्या में पहुंचे थे। सरकंडा क्षेत्र में नए खेल मैदान में बच्चों को क्रिकेट खेलते देख काफी खुश नजर आए। यहां पर फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के सीनियर कोच कमल चड्ढा के द्वारा बच्चों को क्रिकेट क्रिकेट की तकनीक बारीकी से जानकारीदी गई। अक्षय मरावी ने भी यहां बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया। खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता भी कराई गई। आज समापन उत्सव पर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया है।

## खबर संक्षेप

### अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए इंटरव्यू

**मुंगेली।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अतिथि शिक्षकों की भर्ती हेतु 22 जून को वाक इन इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि शिक्षकों के रिक्त पदों तथा सत्र के दौरान कर्मचारी के लम्बे अवकाश पर जाने की संभावना वाले पदों हेतु अतिथि शिक्षकों का पैनल तैयार किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विद्यालय के प्राचार्य से सम्पर्क किया जा सकता है।

### शीतला मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह कल से



**लोरमी।** नगर की वार्ड क्रमांक 4 में स्थित मां शीतला मंदिर का जीर्णोद्धार एवं प्राण प्रतिष्ठा मूर्ति स्थापना का 15 से 17 जून तक तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 15 जून को कलश यात्रा, शोभा यात्रा, बेदी पूजन होगा। उक्त आयोजन में महंत विवेक गिरी महाराज, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू उपस्थित रहेंगे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एवं मूर्ति स्थापना के लिए शीतला मंदिर समिति एवं नगर वासियों के द्वारा तैयारी की जा रही है।

### विकसित भारत संकल्प प्रबुद्धजन संगोष्ठी आज


**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत संकल्प एवं प्रबुद्धजन संगोष्ठी सम्मेलन का आयोजन 14 जून को दोपहर 3.30 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल सामुदायिक भवन, मुंगेली में किया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में विकसित भारत के संकल्प, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा देश के विकास के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव ने प्रदान किया।

### दर्री-हरदीबाजार समेत कई थाना प्रभारियों का हुआ तबादला

**कोरबा।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। जारी आदेश के तहत कई निरीक्षकों की पदस्थापना में बदलाव किया गया है। तबादला आदेश के अनुसार निरीक्षक तेज यादव को दर्री थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। औद्योगिक गतिविधियों और संवेदनशीलता के लिहाज से महत्वपूर्ण माने जाने वाले इस क्षेत्र में उनकी नियुक्ति को अहम माना जा रहा है। विभाग को उनसे अपराध नियंत्रण के साथ-साथ जनता से बेहतर समन्वय की भी अपेक्षा है। वहीं निरीक्षक आशीष सिंह को दर्री थाना से स्थानांतरित कर हरदीबाजार भेजा गया है। हरदीबाजार क्षेत्र में अवैध कारोबार, जुआ-सट्टा और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की चुनौती उनके सामने रहेगी। इधर, निरीक्षक प्रमोद डडसेना को लाइन अटैच किए जाने का आदेश भी जारी किया गया है।

## निधन

### शंकर कुमार पाण्डेय



**सकरी।** विद्या नगर निवासी शंकर कुमार पाण्डेय कुरियारी वाले का 13 जून शनिवार को 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रीति, दीप्ति, युगल, सोनिया एवं चंद्रमणि तिवारी के पिता थे।

---

### एक लाख से अधिक नल कनेक्शनों की जानकारी ही नहीं

# निगम को हर साल 20 करोड़ की क्षति





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम क्षेत्र में डेढ लाख में से सिर्फ 44 हजार 783 कनेक्शन ही वैध है। इससे निकाय को हर साल 20 करोड़ रुपए की क्षति हो रही है।अब तय किया गया है कि इन अवैध कनेक्शनों को या तो काटा जाएगा या फिर शासन के निर्देश पर 4000 रुपए जमा करने पर कनेक्शन को नियमित किया जाएगा। साथ ही निजि नल कनेक्शन हेतु 1215 रुपए तय किया गया है।

निगम क्षेत्र में करीब दो डेढ़ लाख मकान बताए जाते हैं, जबकि जल विभाग और राजस्व विभाग के आंकड़े मेल नहीं खा रहे हैं। वही जल विभाग के आंकडे के अनुसार डेढ़ लाख नल कनेक्शन है। कई स्थानों पर ठेकेदारों द्वारा तय प्रक्रिया से हटकर अतिरिक्त राशि लेकर कनेक्शन देने की शिकायतें भी सामने आई हैं। ऐसे में यह आशंका जताई जा रही है कि हजारों कनेक्शन अवैध रूप से संचालित हो सकते हैं। तीन श्रेणियों में वसूला जाता है जल कर- राजस्व विभाग के अनुसार जल कर तीन श्रेणियों में तय किया गया है। घरेलू कनेक्शन 2400 रुपए वार्षिक आवासीय एवं व्यावसायिक संयुक्त उपयोग 4600 रुपए वार्षिक व्यावसायिक उपयोग 5600 रुपए वार्षिक लिए जाते है। नगर निगम को इस वर्ष पंजीकृत 44783 कनेक्शनों से करीब 24 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है लेकिन यदि शेष कनेक्शनों का रिकॉर्ड भी अपडेट हो जाए तो निगम की आय में बड़ा इजाफा हो सकता है। अधिकारी ही लेकिन इसे लेकर सुस्त है।महापौर श्रीमती पूजा विधानी के मुताबिक नल कनेक्शन के बारे में जानकारी सभी जोनों से मंगाई गई है कि कितने लोग जल कनेक्शन लेकर यूजर चार्ज जमा नहीं कर रहे हैं।

■ डेढ लाख में से सिर्फ 44 हजार 783 कनेक्शन ही वैध है

#### हजारों कनेक्शनों का रिकार्ड ही नहीं

निगम क्षेत्र में ही करीब एक लाख नल कनेक्शन ऐसे हैं जिनका रिकॉर्ड राजस्व विभाग के पास नहीं है। इससे निगम को हर साल करोड़ों रुपए का नुकसान है। अब सवाल ये उठता है कि जिन हजारों लोगों ने पहले टैक्स नहीं चुकाया है क्या इनसे कनेक्शन की वसूली की जाएगी। दोनों विभागों के आंकड़ों में भारी अंतर सामने आने से सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि घरेलू कनेक्शन की न्यूनतम वार्षिक दर के हिसाब से भी गणना की जाए तो निगम को करीब 20 करोड़ रुपए तक का नुकसान हो रहा है।

#### पाइपलाइन में छेद कर कनेक्शन ले रहे

अब यह जानकारी सामने आने के बाद निगम सीमा में शामिल हुए 15 गांवों में अवैध नल कनेक्शन का पता लगाने के लिए सर्वे किया जाएगा। साथ ही उसे बंद कराया जाएगा। इसके अलावा शहरी क्षेत्र में भी कनेक्शन काटे जाएंगे या उसे नियमित किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक घरों में मटमैला व दूषित पानी आने की एक वजह अवैध नल कनेक्शन है। पाइपलाइन में छेद कर कनेक्शन ले लिया जाता है। इसमें लीकेज होने की वजह से घरों में दूषित पानी पहुंचता है और लोग जलजनित बीमारी से ग्रसित हो जाते हैं। इसलिए जल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइपलाइन में अवैध कनेक्शन के लिए जितने भी छेद किए गए हैं, उन्हें बंद किया जाएगा ताकि घरों में साफ पानी ही पहुंचे।

#### काटे जाएंगे कनेक्शन

नल कनेक्शन के बारे में जानकारी सभी जोनों से मंगाई गई है कि कितने लोग जल कनेक्शन लेकर यूजर चार्ज जमा नहीं कर रहे हैं। जल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइपलाइन में अवैध कनेक्शन के लिए जितने भी छेद किए गए हैं, उन्हें बंद किया जाएगा ताकि घरों में साफ पानी ही पहुंचे।

---

## पोखन यादव हत्याकांड, आरोपियों की उम्रकैद की सजा बरकरार




**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने मुंगेली जिले के चर्चित पोखन यादव हत्याकांड में दोषी ठहराए गए तीन आरोपियों की अपील खारिज करते हुए उनकी उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने कहा है कि आरोपियों ने अपनी बहन से कथित छेड़छाड़ का बदला लेने के लिए सुनियोजित तरीके से युवक की हत्या की थी।

अदालत ने पाया कि चश्मदीद गवाह, मेडिकल रिपोर्ट और एफएसएल साक्ष्य अभियोजन के मामले की पूरी तरह पुष्टि करते हैं प्रकरण के मुताबिक 25 अक्टूबर 2023 को पोखन यादव द्वारा आरोपी राजा साहू और दीलू साहू की बहन से कथित बदसलूकी किए जाने के बाद दोनों भाइयों ने उसके पिता लक्ष्मण यादव को जान से मारने की धमकी दी थी। उसी दिन ससुराल से लौट रहे पोखन को मुंगेली के अवासपारा स्थित शराब दुकान के पीछे कच्चे रास्ते पर घेरकर राजा और दीलू ने चाकू से गले, सिर और माथे पर कई वार किए, जबकि दुर्गेश कुमार उर्फ बुलाती साहू पहरा देता रहा। घटना के बाद तीनों आरोपी फरार हो गए, जिन्हें 26 अक्टूबर 2023 को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

■ चश्मदीद गवाह, मेडिकल रिपोर्ट और एफएसएल साक्ष्य ने अभियोजन मामले की पुष्टि की

#### सत्र न्यायालय ने सुनाई थी सजा

मुंगेली सत्र न्यायालय ने 23 जनवरी 2025 को तीनों को हत्या, साक्ष्य मिटाने और आपराधिक साजिश के आरोप में उम्रकैद की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट में अपील के दौरान बचाव पक्ष ने गवाहों और बरामदगी पर सवाल उठाए, जबकि राज्य ने धमकी, हथियारों की बरामदगी और एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर दोष सिद्ध होने का तर्क दिया। हाईकोर्ट ने चश्मदीद डोमराज यादव की गवाही, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल साक्ष्यों को विश्वसनीय मानते हुए कहा कि अभियोजन ने हत्या का आरोप संदेह से परे साबित किया है। अदालत ने माना कि दुर्गेश उर्फ बुलाती साहू भी आपराधिक साजिश और समान मंशा में शामिल था।

---



## भाजपा का विशाल स्वरूप समर्पित कार्यकर्ताओं की देन: धर्मजीत

**सकरी।** भारतीय जनता पार्टी आज जिस विशाल स्वरूप में दिखाई दे रही है, उसके पीछे वर्षों से समर्पित भाव से कार्य करने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से ही संगठन निरंतर आगे बढ़ रहा है। भाजपा अपने प्रत्येक कार्यकर्ता को परिवार का सदस्य मानती है और उनके सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

उक्त उद्गार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर परसदा, चोरभट्ठी खुर्द, चोरभट्ठी कला, गनियारी, टांडा एवं नेवरा में आयोजित जनसंपर्क अभियान के दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनके सम्मान के अवसर पर तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन के रीढ़ की हड्डी हैं। भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशसेवा कर विकास के नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि भाजपा परिवार अपने हर सदस्य का सम्मान करती है और कार्यकर्ताओं के मेहनत और समर्पण के कारण ही हमारा भाजपा परिवार पूरे विश्व में सबसे बड़ा संगठन है। जनसंपर्क के दौरान परसदा में वरिष्ठ कार्यकर्ता रामेश्वर साहू, चोरभट्ठी खुर्द में भुवन यादव, चोरभट्ठी कला में शंकर यादव, गनियारी में भास्कर दत्त शुक्ला, नेवरा में माखन साहू, टांडा में पूर्व मंडल अध्यक्ष सुकलाल कौशिक, भुनडा में दादूराम साहू को सम्मानित किया। इस अवसर पर गनियारी मंडल प्रभारी अश्वनी शर्मा, मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, उपाध्यक्ष संतोष अवस्थी, महामंत्री मोहन पाटले, जिला पंचायत सभापति भारती माली, जनपद सदस्य अरूण चौहान, मंडल मीडिया प्रभारी कैलाश वस्त्रकार, मंडल मंत्री कृष्णा यादव, सरपंच जगत साहू, उपसरपंच सुनील यादव ,शिव वस्त्रकार, अमित कौशिक ,परमेश्वर धन्नू कौशिक, त्रिभुवन यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ गनियारी मंडल में चला विधायक का जनसंपर्क अभियान

---

### समरसता मानस महायज्ञ के लिए हुआ संकल्प एवं ध्वज पूजन

## कथा श्रवण से होता है मुक्ति का मार्ग प्रशस्त: कौशिक

**पथरिया।** नगर के खेल मैदान में आयोजित होने वाले समरसता मानस महायज्ञ का संकल्प एवं ध्वज, भूमिपूजन आध्यात्मिक वातवरण में सम्पन्न हुआ। रामकथा वाचक संत राजीवलोचन महराज के द्वारा मंत्रोउचारण के साथ पूजा सम्पन कराया गया। आयोजन में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक विशेष रूप से शामिल हुए।



श्री कौशिक ने कहा कि पथरिया सहित बिल्हा विधानसभा क्षेत्र भगवान शिव के कृपा पात्र है। यहां मदकू में अनेकों शिवलिंग खुदाई से मिले हैं। नदी उस पर ताला गांव में रुद्र की मूर्ति का उद्धार हुआ है। पथरिया में लगभग हर वर्ष शिव पूजा हो रही है, जिसके कारण यह नगर आज आध्यात्मिक पावन धरा बन गया है। उन्होंने कहा कि कलयुग में कथा श्रवण करने से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने नगरवासियों और आयोजको को एकजुट होकर कथा कराने की बात कही। संत राजीव लोचन महराज ने कहा कि भगवान शिव समता के देवता है उनके लिए चर अचर, उच्च निम्न का भेद नहीं होता है वो सभी पर समान भाव कृपा करते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, पूर्व नपा अध्यक्ष जसपाल छाबड़ा, उपध्याय मनोज पांडेय, जनपद अध्यक्ष चित्रलेखा जांगड़े, उपाध्यक्ष दीपिका चंद्रशेखर कौशिक, अभिलाष त्रिवेदी, संजय राजपूत, अनिला देवेन्द्र राजपूत, जगदीश वर्मा, राजेन्द्र साहू, गणेश प्रसाद सोनी, रघुनंदन कर्माकर, बलराम जानू, तिजउ राम निर्मलकर , भैयालाल परिहार, मेलाराम डड़सेना, इन्द्रजीत यादव, ओम दीवान, रविन्द्र बघेल, योगानंद साहू, शिवकुमार जायसवाल, तिलक यादव, शत्रुघ्न पाली, बलदाऊ जायसवाल, चितराम पाली, केके देवांगन, राजेन्द्र निर्मलकर, शंकर यादव, उमेश यादव, ओंकार यादव, गयाराम डड़सेना, महेंद्र गुप्ता, त्रिलोक पांडेय सहित बड़ी संख्या में नगरवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

---




## महामाया ट्रस्ट व स्वयं सिद्धा फाउंडेशन ने लगाया वाटर कूलर

**बिलासपुर।** गर्मी के मौसम में प्रत्येक व्यक्ति को शीतल जल मिल सके, इसी सेवा भावना के साथ मां महामाया ट्रस्ट एवं स्वयं सिद्धा फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंद स्थानों पर वाटर कूलर लगाए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में शनिवार को श्री शनि साईं धाम राजकिशोर नगर में वाटर कूलर का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि सीएमडी कॉलेज के अध्यक्ष व चेयरमैन संजय दुबे ने फीता काटकर किया। श्री दुबे ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में आम नागरिकों और राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराना बहुत ही अनुकरणीय एवं सराहनीय कार्य है। ऐसी सेवा से समाज को एक नई दिशा मिलती है। फाउंडेशन के अध्यक्ष चंचल सलूजा ने बताया कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष प्याऊ घर और वाटर कूलर की सेवा आम जनता तक पहुंचाई जाती है। सामाजिक सरोकारों में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए संस्था लगातार सेवा कार्यों में सक्रिय रहती है। संस्था के सचिव नवीन दुबे ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे इन सेवा कार्यों का दायित्व सिर्फ स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों में भी निभाया जा रहा है। विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्याऊ घर एवं वाटर कूलर खोलने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हो रहे हैं, जो कि संस्था के लिए बड़े गौरव की बात है। इस अवसर संस्था की संस्थापिका ऋतु साहू, श्वेता सिंह, रम्या सुभाष, विजय लक्ष्मी, विमला रजक, श्री शनि साईं धाम मंदिर समिति के पदाधिकारी सौमित्र धर (अध्यक्ष), संजय नामदेव, चंद्रकिशोर प्रसाद, अजीत पंडित, संदीप डे एवं अन्य समिति के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### ट्रेलर चालक ने बिजली खम्भा को मारी टक्कर

**तखतपुर।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रेलर चालक ने विद्युत खम्भा और ट्रांसफार्मर को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 139, 3 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दैजा में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता कमलेश कुमार पटेल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 12 जून की सुबह 4 बजे ट्रेलर क्रमांक सीजी 11 बीआर 9463 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर को ठोकर मार दिया और इस ठोकर से लगभग 6 लाख 20 हजार रूपए का नुकसान विद्युत विभाग को हुआ है इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई। पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ धारा 139, 3 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

### दो पहिया वाहन की चोरी

**तखतपुर।** घर के सामने खड़े दूपहिया वाहन को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार अरईबंद निवासी दिलहरण बजारे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 10 जून की रात्रि 10 बजे वह अपने दूपहिया वाहन क्रमांक सीजी 10 बीआर 3722 को घर के सामने खड़ी कर खाना खाकर सो गया और जब सुबह देखा तो वाहन गायब था आसपास खोजबिन किया पर कोई जानकारी नही मिली जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

### भूविस्थापित मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट का करेंगे घेराव

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेतृत्व में छोटे खातेदारों को रोजगार देने, भूविस्थापितों के लंबित रोजगार प्रकरणों के निराकरण, पूर्व में अधिग्रहित जमीन की वापसी, पट्टा, आंशिक अधिग्रहण पर रोक लगाने, पेयजल की व्यवस्था करने, बसावट एवं खनन प्रभावित गांवों की अन्य समस्याओं को लेकर 15 जून को जन आक्रोश रैली निकालकर कलेक्ट्रेट घेराव की चेतावनी दी गई है। किसान सभा द्वारा शुरू किया गया आंदोलन भूविस्थापितों का जन सैलाब बनकर कोरबा की सड़कों पर दिखने वाला है कई भूविस्थापित संगठन इस घेराव में शामिल हो रहे है।

---

## किसान के खाते से 1.75 लाख गायब अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**मल्हार।** किसान के बैंक खाते से धोखाधड़ी कर करीब 1 लाख 75 हजार रुपए निकाले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामले में प्रार्थी नरेंद्र कुमार धृतलहरे 45 वर्ष निवासी लक्ष्मी वस्त्रालय मल्हार ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उसका खाता बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा महमंद में संचालित है। उसने किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 3 लाख रुपए का लोन लिया था, जिसकी राशि 2 जून 2026 को उसके सेविंग खाते में जमा हुई थी।प्रार्थी के अनुसार 2 जून को उसने बैंक के कहने पर 10 हजार रुपए की आरडी भी कराई थी। इसके बाद 11 जून को उसने स्वयं चेक के माध्यम से 70 हजार रुपए निकाले। उसी दिन एटीएम से मिनी स्टेटमेंट निकालने पर उसे खाते से लगातार राशि निकाले जाने की जानकारी मिली। बैंक स्टेटमेंट की जांच करने पर पता चला कि 5 जून से 11 जून 2026 के बीच अज्ञात व्यक्ति ने पेटीएम एवं अन्य लिंक के माध्यम से खाते से कुल 1,75,503.55 रुपए निकाल लिए। बैंक से जानकारी लेने पर खाते में केवल 44,312.45 रुपए शेष पाए गए। प्रार्थी ने तत्काल बैंक प्रबंधन को इसकी सूचना दी, जिसके बाद बैंक द्वारा खाते को होल्ड कर दिया गया। उसने पुलिस से अज्ञात आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ठगी गई रकम वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने मामले को साइबर धोखाधड़ी से जोड़कर जांच शुरू कर दी है। साइबर टीम की मदद से राशि के ट्रांजेक्शन और संबंधित खातों की जानकारी जुटाई जा रही है।




### सर्पदंश से किशोरी की मौत चूहे के बिल में छिपा था सांप

**कोरबा।** जिले के दर्री प्रगति नगर क्षेत्र में सांप के काटने से एक 11 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। शनिवार तड़के हुई इस घटना में परिजनों ने शुरुआत में इसे किसी कीड़े के काटने की सामान्य घटना समझ रहे थे लेकिन कुछ ही देर में बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी। जिसके बाद परिजनों ने आनन फानन में बच्ची को अस्पताल लेकर गये जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतिका के पिता राकेश महतो ने बताया कि शुक्रवार रात पूरा परिवार एक ही कमरे में सो रहा था। शनिवार सुबह करीब 4 बजे उसकी बेटी वैष्णवी उर्फ सन्नू (11) साल अचानक उठी और कान के पास किसी चीज के काटने की जानकारी देते हुए कमरे में मौजूद चूहे के बिल की ओर इशारा किया। जहां कुछ हलचल दिखाई दे रही थी। परिजनों ने इसे चींटी या किसी अन्य कीड़े का काटना समझकर गंभीरता नहीं दिखाई।

---

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम– अमाली, तहसील कोटा जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के खसरा क्रमांक 1452 रकबा 2.8 हेक्टेयर क्षेत्र में खनिज शाखा बिलासपुर द्वारा अंकित मिश्रा के नाम पर स्वीकृत आदेश जारी किया गया है जिसकी पर्यावरणीय स्वीकृति क्रमांक 1798/ DEIAA/ EC/ BSP/ 2016 दिनांक 16/11/2016 जिला स्तरीय पर्यावरण प्राधिकरण बिलासपुर से प्राप्त है तथा क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर से जलवायु की सहमति भी प्राप्त है

उक्त खदान की अवधि 14.03.2017 से 13.03. 2047 तक है इसका संचालन श्री अंकित मिश्रा आ. श्री अशोक मिश्रा के द्वारा किया जा रहा है

अंकित मिश्रा
करगी रोड कोटा बिलासपुर
छत्तीसगढ़

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/क / तह. / वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 05/06/2026
रा.प्र.क. /4-121/2025-26
ग्राम जूनाबिलासपुर, प.ह.न. 36

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम जूनाबिलासपुर, प.ह.नं.-36 रा.नि.म. जूनाबिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि, आवेदक संजय सिंह क्षत्रिय पिता स्व. दयाशंकर क्षत्रिय, निवासी खपरगंज बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्री अंकिता क्षत्रिय पिता संजय क्षत्रिय के लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWSs) के लिए आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 19/06/2026 को दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 19/05/2026

प्रति, 1. आवेदक अरूण कुमार सिंह पिता रामप्रसाद सिंह आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. अध्यक्ष - सरकारी कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति मोपका एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार

विषय :- सीमांकन में उपस्थिति बाबत। संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/ ना.तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/तह./ ना.तह./वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक 19/01/ 2026

ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 921/26 रकबा 0.0260 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक अरूण कुमार सिंह निवासी चैनपुर बिहार के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 26/06/26 को समय 10 बजे से 5 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक
मोपका बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 19/05/2026

प्रति, 1. आवेदक शोभा सुमन सिंह पति संजय कुमार सिंह आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. अध्यक्ष - सरकारी कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति मोपका एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार

विषय :- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/अति. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह. / ना.तह./वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक 13/01/ 2026

ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 853/5, 894/4 रकबा 0.0130 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक शोभा सुमन सिंह निवासी पाली रोड दीपका के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/अति. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 26/06/26 को समय 10 बजे से 5 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक
मोपका बिलासपुर (छ.ग.)



## आज के आयोजन

### भारतीयनगर मुक्तिधाम में अमर करेंगे पौधरोपण

**बिलासपुर।** अग्रवाल सेवा समिति अग्रवाल समाज द्वारा संचालित भारतीय नगर मुक्तिधाम मे जीणोद्धार कार्यों का अवलोकन एवं पौधरोपण कार्यक्रम रविवार 14 जून को सुबह 10. 45 बजे से होगा। मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल होंगे। अन्य अतिथियों मेयर पूजा विधानी, आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, सभापति विनोद सोनी होंगे। यह जानकारी अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल और सचिव सुनील सोनथलिया ने दी।

### सीएमडी चौक लायंस क्लब भवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**बिलासपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस पर रविवार 14 जून को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लायंस क्लब भवन, सीएमडी चौक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। एकता ब्लड बैंक बिलासपुर के सहयोग एवं समर्थन से आयोजित यह शिविर विगत 13 वर्षों से निरंतर मानव सेवा के संकल्प के साथ आयोजित किया जा रहा है।

### झेरिया यादव समाज का सम्मान समारोह

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज द्वारा 14 जून को दोपहर 12:30 बजे से सम्मान समारोह का आयोजन सामाजिक भवन सरकंडा में किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला रहेंगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव करेंगें। तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव, सचिव सुंदरलाल यादव, कोषाध्यक्ष जी आर यादव, संयुक्त सचिव मनोज यादव, आर डी यादव , रंजीत यादव, राजू यादव, चंदराम यादव, प्रदेश संगठन मंत्री रायगढ़ जिला अध्यक्ष पंचराम यादव होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी परदेशी राम यादव ने दी।

### देवर्षि नारद की जयंती पर व्याख्यान माला

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संवाद केंद्र द्वारा देवर्षि नारद की जयंती पर 14 जून को व्याख्यान माला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक डा. प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम 5.30 बजे से शाम 7 बजे तक रहेगा। कार्यक्रम बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय कोनी में होगा। मुख्य वक्ता डा. हर्षवर्धन त्रिपाठी होंगे। मुख्य अतिथि सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता विधायक अमर अग्रवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि डा. रामकृष्ण कश्यप, महेन्द्र जैन, कृष्ण दास होंगे।

## खबर संक्षेप

### स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विवि ने दी श्रावंती को पीएचडी



**बिलासपुर।** स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, नांदेड़ ने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का मानवतावादी दर्शन एक समीक्षात्मक अध्ययन" विषय पर श्रावंती श्री राम चव्हाण को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। वे गजानन राठोड़ की धर्मपत्नी है। इस शोधकार्य का मार्गदर्शन शारदा महाविद्यालय, परभणी की दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं शोध-निर्देशक डॉ. स्वाती नागोराव कुलकर्णी ने किया। शोध प्रबंध का मूल्यांकन अहमदनगर के प्रख्यात शिक्षाविद् एवं बाह्य परीक्षक प्रो. डॉ. अमन बगाडे द्वारा किया गया।

### फिल्म निर्माता और अभिनेता का राज्यपाल ने किया सम्मान



**बिलासपुर।** फिल्म निर्माता और अभिनेता अखिलेश पांडेय की फिल्म "स्क्रीन" का ट्रेलर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन डेका के समक्ष प्रदर्शित किया गया। इस विशेष स्क्रीनिंग में छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन और संस्कृति विभाग के निदेशक संजय कन्नौजे भी उपस्थित रहे। उन्होंने संस्कृति, रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने में सिनेमा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इस अवसर पर अखिलेश पांडेय को कला के प्रति समर्पण, उत्कृष्ट कार्य और फिल्म उद्योग में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस सम्मान ने क्षेत्रीय सिनेमा को मजबूत करने और कलात्मक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उनके निरंतर प्रयासों को भी सराहा। इस आयोजन को छत्तीसगढ़ फिल्म उद्योग के लिए बड़ा प्रोत्साहन माना जा रहा है, जो क्षेत्रीय सिनेमा के लिए बढ़ते संस्थागत समर्थन को दर्शाता है।

### शहादत-ए-इमाम हुसैन की याद में तकरीर 17 से 23 तक

**बिलासपुर।** मोहर्रम के अवसर पर उसकी देन कमेटी द्वारा शहादत-ए-इमाम हुसैन (अ.स.) की याद में विशेष तकरीरी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कमेटी के संयोजक शेख नजिरुद्दीन ने बताया कि सत्यम चौक पर 17 से 23 जून तक रात 10 बजे से 11.30 बजे तक प्रसिद्ध इस्लामिक विद्वान मुफ्ती मौलाना मोहम्मद मुख्तार अशरफ की तकरीर होगी, जिसमें कर्बला के संदेश, इंसाफ, सब्र, मानवता और अमन-शांति पर प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम के लिए बैठक व्यवस्था समिति द्वारा की गई है, इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किए गए हैं। इसी कड़ी में महिलाओं के लिए विशेष धार्मिक महफिल का आयोजन भी किया गया है। यह कार्यक्रम रमजानी बाबा हॉल शेड में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे तक आयोजित होगा। इसमें मुंबई (महाराष्ट्र) की अलीमा-ए-फाजिला महसर विशेष तकरीर पेश करेंगी। वे महिलाओं को इस्लामी शिक्षा, नैतिक मूल्यों, पारिवारिक जीवन, सामाजिक जिम्मेदारियों और कर्बला के संदेश से रूबरू कराएंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में एस. ए. कादिर, हाजी गय्यूर, शेख नजिरुद्दीन , अबरार अहमद, इस्माइल खान, इंसान अली बाबू, हाजी रिजवान, हाजी अकबर , हबीब मेमन, शेखर मुदलियर, अब्दुल शफीक साबरीन, खालिद भाई, भुट्टो राज, अब्दुल सत्तार, मूसा भाई, सैयद सादिक अली, मिर्जा आरिफ बेग, मोहम्मद जावेद, जहीर अली, शेख सिकंदर, बाबा भाई , जफर आगा, रामा बघेल, सब्बू, सै.अख़लाक़, प्यारे भाई, दुलारे भाई, एस ए, कलीम ,महफूज परवेज भाई, शब्बीर भाई, विक्की बख्स, मोहम्मद आदिल, मुख्तार एवं मिर्जा वसीम बेग आदि जुटे हैं।

### भाजपा महिला मोर्चा बिलासपुर ने रखा विशेष कार्यक्रम

# पीएम मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर भाजपा नेत्रियों ने बांटी खुशियां



भाजपा कार्यालय में रंगोली बनाकर शासन की योजनाओं की जानकारी देतीं महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है। इस खुशी में भाजपा महिला मोर्चा बिलासपुर इकाई ने शनिवार को करबला स्थित भाजपा कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें रंगोली के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं को दर्शाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मंचस्थ अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत के बाद मोर्चा की जिलाध्यक्ष स्नेहलता शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पीएम मोदी के बीते वर्ष के कार्यकाल में देश का काफी विकास हुआ है। पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, लखपति दीदी सहित अन्य योजनाओं से लाखों लोग लाभांवित हुए हैं। उन्होंने मण्डल अध्यक्ष बहनों को 17 महिलाओं को जोड़ कर 5 बूथ मंत्री बनाने को कहा। पीएम श्री मोदी की मन की बात सुनने पर जोर देते हुए कहा कि 21 जून को योग दिवस मनाना है। इस दिवस की मंडलों के नाम व दो-दो फोटो भेजना है। कार्यक्रम का संचालन वंदना ठाकुर ने किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महापौर पूजा विधानी ने कहा कि पीएम श्री मोदी के लंबे समय तक प्रधानमंत्री पर बने रहना गर्व की बात है। प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय ने विधानसभा व संसद में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ाने दिए गए आरक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे शहर व एयरपोर्ट का नाम बिलासा दाई केंवटीन के नाम से है। यह बड़े गौरव की बात है। पीएम श्री मोदी के 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर यह उत्सव मनाया जा रहा है। उत्सव की खुशी में विविध तरह के व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया गया। मंचस्थ चंदना गोस्वामी, विभा गौरहा, रूक्खमणि, ललिता कश्यप सहित अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखे।

### शहर विधायक अमर ने किया पौधरोपण



पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के अंतर्गत नगर विधायक अमर अग्रवाल ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता की। श्री अग्रवाल ने वाल्मीकि चौक पर आयोजित स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान किया तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में पौधरोपण कर भारत के संकल्प को सशक्त करने का संदेश दिया। देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन में जोन क्रं. 5 के विभिन्न वार्डों में होने वाले विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान 10वीं एवं 12वीं बोर्ड के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। तत्पश्चात जनसंपर्क अभियान के तहत अमर अग्रवाल ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया।

#### रंगोली रही दर्शनीय

कार्यक्रम स्थल में मोर्चा की बहनों द्वारा बनाई गई सशक्त नया भारत, महतारी वंदन योजना, उज्जवला योजना, स्वच्छ ईंधन व स्वच्छ जीवन, भारत के राष्ट्र ध्वज वाली रंगोली काफी दर्शनीय रही।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर अनिता वर्मा, सुमन द्विवेदी, वंदना तिवारी, किरण सिंह, मंजुला, सुमन यादव, सृष्टि सिंह, सुनीता, गिरजा, राजेश्वरी पटवा, सविता, सुधा गुप्ता, मंगला, राधा, उषा भांगे, श्रीमती शुक्ला सहित महिला मोर्चा की अन्य सभी पदाधिकारियों, मण्डल अध्यक्षों की उपस्थिति रही।

## ठगी के तीन फरार आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज



**बिलासपुर।** जिला न्यायालय ने 3.15 करोड़ के ठगी मामले में फरार तीन आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

मिनोचा कालोनी निवासी विशाल सिंह चंदेल से उनके परिचित रायपुर निवासी बिल्डर दीपेन्द्र पाढ़ी, कुसमाकर राव भोसले ने वर्ष 2017 - 18 में कान्हा किसली में आईलैंड पार्क रिसोर्ट बनान के नाम पर उससे आर्थिक मदद मांगते हुए 3 करोड़ 15 लाख रुपए ले लिया था। रकम मांगने पर दोनों टाममटोल करने लगे और विशाल सिंह चंदेल व उनके भाई के खिलाफ झूठा सिविल लाइन में शिकायत की। उसके बाद श्री चंदेल ने सिविल लाइन थाने में दोनों के खिलाफ ठगी की रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस ने मामले में दीपेन्द्र पाढ़ी, कुसमाकर राव भोसले को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। तत्कालीन सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने अधूरी जांच के बाद भी दोनों के खिलाफ चालान कोर्ट में पेश कर दिया था। उसके बाद बिल्डर दीपेन्द्र पाढ़ी को जमानत मिल गई थी। श्री चंदेल के द्वारा अधूरा चालान पेश की शिकायत एसएसपी से की गई। उसके बाद पुलिस ने कोर्ट से अनुमति लेकर मामले की फिर से जांच शुरू की है। जांच के बाद आरोपी बिल्डर दीपेन्द्र पाढ़ी की पत्नी मंजूलता पाढ़ी व कुसमाकर राव भोसले की पत्नी लक्ष्मीबाला भोसले, उसके बेटे उत्सव भोसले को मामले में आरोपी बनाया गया है। तीनों फरार आरोपियों ने अधिवक्ता के माध्यम से जिला न्यायालय में अग्रिम जमानती अर्जी लगाई। अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश अनिल प्रभात मिंज ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तीनों आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

## बीमा कंपनी को क्षतिग्रस्त दावा खारिज करना पड़ा महंगा

- 27 लाख से अधिक राशि भुगतान का आदेश

**बिलासपुर।** जिला उपभोक्ता फोरम ने आग लगने से क्षतिग्रस्त हुए एक्सवेटर वाहन का बीमा दाव भुगतान नहीं करने पर पेश परिवाद में ओरिएंटल इश्योरेंस कंपनी पर 25 हजार रुपए जुर्माना करते हुए वाहन के रिपेयर पर खर्च हुई राशि सर्वेयर की रिपोर्ट के आधार पर 27 लाख 41 हजार 170 रुपए 45 दिन के अंदर 9 प्रतिशत ब्याज सहित देने का आदेश दिया है।

मोपका निवासी एके शर्मा की वॉल्वो एक्सवेटर मशीन बिजरी खदान में लगी थी। 4 अगस्त 2021 को ऑपरेटर वाहन से उतरकर काम से गया था। उसे यह मालूम था कि मशीन 3 मिनट बाद खुद बंद हो जाएगी। उसके उतरने के बाद वाहन में आग लग गई। गार्ड ने इसकी सूचना पुलिस व बीमा कंपनी को दी। बीमा कंपनी ने सर्वेयर भेजकर सर्वे कराया। वाहन को रिपेयर के लिए भेजा गया। रिपेयर में कुल 46 लाख 41 हजार खर्च आया। सर्वेयर ने 27 लाख 94 हजार 170 रुपए की रिपोर्ट दी। बीमा कंपनी ने आवेदन खारिज कर दिया। जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष आनंद कुमार सिंघल, सदस्य पूर्णिमा सिंह, आलोक कुमार पाण्डेय ने आवेदन अस्विकार करने की सेवा में कमी पाई है। बीमा कंपनी को 27 लाख 94 हजार 9 प्रतिशत ब्याज सहित देने, 25 हजार मानसिक क्षतिपूर्ति व 5 हजार वाद व्यय देने का आदेश दिया है।

### सीयू में सुदामा योजना के लिए मांगा गया एक दिन का वेतन

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सुदामा योजना के लिए एक दिन के वेतन की मांग की गई है। यूनिवर्सिटी के सभी शिक्षकों व अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वेच्छा से एक दिन का वेतन देने कहा गया है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा इस संबंध में निर्देश भी जारी किया गया है, जिसमें स्टेडिंग कमेटी की पिछले बैठक में लिए गए निर्णय और सक्षम अनुमोदन का उल्लेख करते हुए यूनिवर्सिटी के समस्त शिक्षकों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को जून या जुलाई माह के वेतन से एक दिन का वेतन अपनी स्वेच्छा से सुदामा योजना के लिए दान करने कहा गया है। यह भी कहा गया है कि दान करने के लिए अपना स्वेच्छा पत्र अपने विभाग, अनुभाग के माध्यम से 20 जून या 20 जुलाई तक वित्त अनुभाग में जमा करें। सुदामा योजना गरीब विद्यार्थियों के लिए है जिसमें अगर कोई गरीब छात्र है और उसे अपनी पढ़ाई के लिए फीस की मदद चाहिए तो वह सुदामा योजना तहत आवेदन कर सकता है। पात्र पाए जाने पर सुदामा योजना से गरीब विद्यार्थी को फीस में मदद किया जाता है।

## मगरमच्छ के 6 शावकों को छोड़ा खूंटाघाट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



शनिवार की सुबह रतनपुर के एक तालाब के पास गड्ढे.में मगरमच्छ के शावक मिले, जिसे देखते ही मौके पर भीड़ हो गई। वन विभाग ने मगरमच्छ का रेस्क्यू करने के बाद खूंटाघाट में छोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार सुबह तालाब में स्नान करने के लिए पहुंचे लोगों ने तालाब के बाहरी हिस्से में स्थित एक गड्ढे में मगरमच्छ के 6 शावकों को देखा। छोटे मगरमच्छ को देखकर लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही रतनपुर थाना स्टाफ और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। क्षेत्र के पार्षद मनोज पाटले और स्थानीय लोगों के सहयोग से मगरमच्छों को सुरक्षित रूप से वन विभाग के कार्यालय पहुंचाया गया। वन विभाग की टीम ने डाक्टर से मगरमच्छों की जांच कराने के बाद सुरक्षित खूंटाघाट में छोड़ दिया।

### वन्यप्राणी अपराध रोकथाम पर सेमीनार

**बिलासपुर।** रेलवे नार्थ ईस्टीट्यूट के आडिटोरियम में वन्यप्राणी अपराध रोकथाम पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त ने की। सेमीनार में वन्यजीव अपराध रोकथाम ब्यूरो मध्यप्रदेश भोपाल से आए वन्यजीव निरीक्षक केके शर्मा और उन्हें प्रतिनिधि ने वन्यजीव अपराध, तस्करी के तरीके, उनकी पहचान एवं रोकथाम के लिए अनुभव साझा किया। इस अवसर पर बिलासपुर क्षेत्रीय मुख्यालय से सहायक सुरक्षा आयुक्त अपराध एवं आसूचना, मंडल के दो सहायक सुरक्षा आयुक्त, निरीक्षक एवं क्षेत्रीय मुख्यालय से 3 निरीक्षक व एसआईबी निरीक्षक, क्षेत्रीय मुख्यालय व 62 आफिसर्स एवं स्टाफ आदि मौजूद थे।

### फसल खाकर वापस जंगल जा रहे हाथी

**बिलासपुर।** मरवाही वन मंडल में चार हाथियों के दल से अब तक किसी तरह की जन हानि तो नहीं हुई। हाथी केवल फसलों को नुकसान पहुंचाने के बाद जंगल की ओर आराम करने के लिए निकल रहे हैं। रेंजर मुकेश साहू ने बताया कि हाथियों का दल वर्तमान में चिरगोना और घुसरिया के बीच विचरण कर रहे हैं। हाथियों से बचाव के लिए गांव में मुनादी कराने के साथ अलर्ट भी कराने के अलावा लगातार निगरानी भी रखी जा रही है। हाथियों ने अब तक किसी तरह की जनहानि, पशु हानि और लोगों के घरों को नुकसान नहीं किया है।

## वार्डरोब स्टोर में एंड ऑफ सीजन सेल शुरू




### बिजनेस प्लस

**बिलासपुर।** शहर के प्रमुख फैशन एवं लाइफस्टाइल स्टोर वार्डरोब में एंड ऑफ सीजन सेल की शुरुआत हो गई है। सेल के तहत ग्राहकों को विभिन्न फैशन उत्पादों पर आकर्षक छूट प्रदान की जा रही है।

सेल की घोषणा के बाद बड़ी संख्या में ग्राहक स्टोर पहुंच रहे हैं, जिससे खरीदारी को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। स्टोर प्रबंधन के अनुसार इस विशेष सेल में चुनिंदा उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। पुरुषों और युवाओं के लिए उपलब्ध ब्रांडेड परिधानों की विस्तृत श्रृंखला पर यह ऑफर लागू है। फैशन प्रेमियों के लिए यह गुणवत्तापूर्ण उत्पादों को किफायती कीमतों पर खरीदने का अच्छा अवसर माना जा रहा है। स्टोर में गैस, ला मार्टिना, रेयर रैबिट, लीवाइस, जैक एंड जोन्स, यूएस पोलो, ब्लैकबेरीज, एरो, स्पाइकर सहित कई लोकप्रिय राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के परिधान उपलब्ध हैं। ग्राहकों को नवीनतम फैशन ट्रेंड्स के अनुरूप उत्पादों की विस्तृत रेंज एक ही स्थान पर मिल रही है। प्रबंधन ने बताया कि यह सेल सीमित अवधि के लिए आयोजित की गई है। टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित वार्डरोब स्टोर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्राहक खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### राघवेंद्र राव सभा भवन में रक्तदान शिविर आज

**बिलासपुर।** प्रेस क्लब एवं बालाजी चैरिटेबल ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में 14 जून को राघवेन्द्र राव सभा भवन परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य आपातकालीन मरीजों एवं दुर्घटना पीड़ितों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। शिविर में रक्तदान करने वाले पत्रकार साथियों को आवश्यकता पड़ने पर ब्लड रिटर्न सुविधा प्रदान की जाएगी तथा उन्हें सम्मानस्वरूप उपहार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।

### किसान से एक लाख 75 हजार की आनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** किसान के लोन के 1 लाख 75 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए गए। पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, मल्हार निवासी किसान नरेन्द्र कुमार धृतलहरे 45 साल का बैंक खाता बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा महमंद में है। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 3 लाख रुपए लोन लिया था। जिसकी राशि 2 जून 2026 को उनके सेविंग खाते में जमा हुई थी। उन्होंने बैंक के अधिकारियों के कहने पर 10 हजार रुपए की आरडी कराई। उसके बाद 11 जून को चेक के माध्यम से 70 हजार रुपए निकाले। उन्होंने एटीएम से मिनी स्टेटमेंट निकाला तो उनके खाते से लगातार रकम निकलने की जानकारी हुई। 5 से 11 जून तक पेटीएम व अन्य लिंक के माध्यम से उनके खाते 1 लाख 75 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 308, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बीच बचाव करने गई महिला पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** विवाद होते देख बीच बचाव करने गई महिला पर गुपचुप ठेले वाले ने चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, लिंगयाडीह निवासी खुशबू श्रीवास पति संजय श्रीवास 12 जून को रात 8.30 बजे भाई बहू के साथ गुपचुप खाने राजकिशोरनगर चौक गई थी। गुपचुप खाने के बाद ठेलावाले का पानी गर्म होने से अपने भाई से पास के दुकान से ठंडा पानी मंगाकर पी रही थी। इसी दौरान गुपचुप ठेला वाला छोटू मानिकपुरी का एक युवक के साथ विवाद होने लगा। जिसे देखकर खुशबू श्रीवास बीच बचाव करने गई तो ठेलेवाले ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे हाथ की कोहनी में चोट आई है।




हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

यात्रियों को मिलेगी कई सुविधाएं | आदर्श रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित करने किया जा रहा अमृत भारत स्टेशन योजना में कार्य

# उसलापुर स्टेशन : सेकेंड एंट्री में एक गेट सहित बनाया जाएगा नया प्लेटफार्म

**बिलासपुर।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में डेवलपमेंट का कार्य शुरु कर दिया गया है। इस कार्य के तहत फेस वन का कार्य करीब-करीब कम्पलीट होने के कगार पर है। इसमें फेस टू का कार्य सेकेंड एंट्री में किया जाएगा, जहां यात्रियों को नए प्लेटफार्म के साथ एफओबी, लिफ्ट, भव्य गेट के साथ अन्य सुविधाएं भी मिल सकेगी।



आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने के बाद स्टेशन डेवलपमेंट का कार्य दो साल पहले शुरु किया गया था। इस कार्य के दौरान मुख्य गेट की ओर फेस वन की शुरआत की गई। इसमें ओवरब्रिज से लेकर स्टेशन के गेट तक सड़क निर्माण कार्य, डिवाइडर, स्टेशन के सामने की पुरानी बिल्डिंग की दीवारों को ढंककर नई प्लाई लगाने का कार्य, पुराने छोटे गेट को तोड़कर चौड़ीकरण कार्य, नई पार्किंग व्यवस्था व आकर्षक लाइटिंग लगाने का कार्य किया गया। वर्तमान में शाम सूरज ढलने के बाद अंधेरा होते ही उसलापुर स्टेशन के सामने का नजारा यात्रियों को अपनी ओर आकर्षित भी कर रहा है। मुख्य गेट से अंदर प्रवेश करने के साथ ही प्लेटफार्म नम्बर एक शुरु हो जाता है, जहां कटनी की ओर से बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग की ओर जाने वाली गाड़ियों का स्टापेज होता है। वहीं प्लेटफार्म नम्बर दो पर बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से आकर कटनी की ओर जाने वाली यात्री गाड़ियों का स्टापेज दिया जा रहा है। प्लेटफार्म नम्बर एक से अधिक यात्रियों की भीड़ प्लेटफार्म नम्बर दो पर अधिक होती है, जो प्रयागराज, दिल्ली, उत्तरप्रदेश की ओर जाने वाली ट्रेनों में सफर करते हैं। प्लेटफार्म नम्बर दो पर यात्रियों के लिए सुविधाएं तो कम है, वहीं सबसे अधिक परेशानी प्लेटफार्म की लंबाई को लेकर हो रही है। प्लेटफार्म दो की लंबाई कम होने के कारण इंजन और एसएलआर कोच का हिस्सा बाहर निकल जा रहा है, जिससे लोगों के सामानों की लोडिंग करने के लिए काफी जद्दोजहद करना पड़ रहा है।

### बढ़ाई जाएगी शेड की चौड़ाई

आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में ट्रेनों के साथ यात्रियों की संख्या तो बढ़ गई है, लेकिन अब तक शेड प्लेटफार्म की लंबाई के बराबर विस्तारित नहीं किए गए हैं। इसकी वजह से वर्तमान में यात्री दोपहर की भीषण गर्मी के साथ तेज धूप में हलाकान हो रहे हैं, आगामी दिनों में यात्रियों को बारिश में भीगकर ट्रेन का इंतजार करना मजबूरी हो जाएगी। रेल अफसरों के अनुसार आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में रेलवे की गाइड लाइन के हिसाब से सारी सुविधा यात्रियों के लिए दी गई है। इस गाइड लाइन के मुताबिक नियमानुसार 400 वर्गफुट तक दोनों प्लेटफार्म पर शेड की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन वर्तमान में शेड 1154 वर्गफुट लगाए गए हैं। भविष्य में प्लेटफार्म के साथ शेड की चौड़ाई और विस्तार भी किया जाएगा।

### फेस टू के कार्य

रेल अफसरों के अनुसार उसलापुर रेलवे स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत फेस वन और फेस टू दोनों ही कार्यो के लिए बजट सेंक्शन हो चुके हैं। फेस टू में सेकेंड एंट्री की ओर सड़क का निर्माण कार्य, स्ट्रीट लाइट, बुकिंग काउंटर, एक नया 12 मीटर एफओबी का विस्तार, लिफ्ट व भव्य गेट के साथ अन्य सुविधाएं दी जाएगी। इसके साथ ही शेड और प्लेटफार्म का विस्तार भी किया जाएगा। इस कार्य की शुरुआत जल्द होने और पूरा होने के बाद यात्रियों को कुछ राहत भी मिल सकेगी।

### भेजा जाएगा प्रपोजल

उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन को यात्रियों की सुविधा के पुनर्विकसित करने का काम किया जा रहा है, जो अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहा है। इसमें फेस वन और फेस टू के लिए बजट सेंक्शन है। आगामी दिनों में सेकेंड एंट्री की ओर भी कार्य किए जाएंगे, जिससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी। इसमें जो भी कार्य होगा उसके लिए प्रपोजल बनाकर भेजा जाएगा।
-**अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

ठेकेदारों द्वारा नहीं दिया जा रहा कर्मचारियों को ग्लब्स, सेफ्टी बेल्ट और हेलमेट

# नियम ताक पर : 42 डिग्री तापमान में बिना सुरक्षा उपाय के चढ़ रहे ठेका कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ शनिचरी सबस्टेशन और अन्य जगहों पर किए गया मेंटनेंस कार्य

सिटी सर्किल पर में बिजली ठेकेदारों की मनमानी के आगे विभाग के अधिकारी भी पस्त है। बिना सुरक्षा उपायों के ठेका कर्मचारियों को बिजली खंबों में चढ़ाया जा रहा है, इस दौरान हादसे का खतरा बना रहता है लेकिन इसके बाजवूद विभाग के अधिकारी महज काम कराने में मशरूफ रहते है। जिससे कर्मचारी की जान दांव पर लगती है और अनहोनी ही आशंका बनी रहती है।

शनिचरी सबस्टेशन के अंतर्गत शनिवार को मेंटनेंस कार्य कराया गया है, इस दौरान सबस्टेशन में बिजली खंबों पर ठेका कर्मचारी और बिजली कर्मी चढ़े रहे। इन कर्मचारियों ने ना ही सेफ्टी बेल्ट पहनी थी और ना ही इनके हाथों में ग्लब्स था। साथ ही जीनरक्षक हेलमेट भी मौजूद नहीं था। इस दौरान एचटी मेंटनेंस के अधिकारी, गोल बाजार के जेई सहित अन्य बिजली अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे लेकिन किसी ने भी सुरक्षा उपायों की परवाह नहीं की, अधिकारियों से सवाल करने पर उन्हें बगल झांकने को मजबूर होना पड़ा। ऐसे में यही कहा जा सकता है कि बिजली अधिकारी ठेकेदारों की कारगुजारियों से परिचित होने के बाद भी उन्हें सुरक्षा से समझौता नहीं करने की हिदायत नहीं दे पा रहे है। वहीं लगातार हादसे होने के बाद भी विभाग के अधिकारियों ने सबक नहीं सिखा है।



### अनुबंध में सेफ्टी किट देना अनिवार्य

फिल्ड में काम कर रहे कर्मचारियों को सेफ्टी किट देना अनिवार्य है। ठेका श्रमिकों के तौर पर काम कर रहे बिजली कर्मियों को ठेकेदारों के द्वारा सेफ्ट बेल्ट, हेलमेट, डिस्चार्ज राड, दो ग्लब्स, जूतों के साथ ही बारिश के दिनों के लिए रैन कोट देना होता है, लेकिन ठेकेदारों के द्वारा रूपए की बचत करने के लिए कर्मचारियों की जान से खिलवाड़ की जाती है। वहीं इस मामले में विभागीय अधिकारी अपने हाथ खड़े कर रहे है।



## नेहरू नगर में नशा करते पकड़े गए 3 युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेहरू नगर सांई मंदिर के बाजू खंडहर मकान व गार्डन में पुलिस ने दबिश देकर नशा करते हुए तीन नशेड़ियों को पकड़ लिया। कालोनीवासियों के सामने नशेड़ी युवकों को कान पकड़कर उठक बैठक कराते हुए जमकर खातिरदारी की गई है।

सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली नेहरू नगर सांई मंदिर के बाजू खंडहरनुमा मकान व कालोनी के गार्डन में असामाजिक तत्व सुबह से देर रात तक बैठकर नशाखोरी करते रहते हैं, जिससे उस मार्ग से गुजरने से लोगों को परेशानी होती है। टीआई किशोर केंवट ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए 13 जून की रात 8 बजे स्टाफ के साथ सांई मंदिर के बाजू खंडहरनुमा मकान व कालोनी के गार्डन में दबिश देकर तलाशी ली गई। तीन युवक नशा करते हुए मिले।

पुलिस ने कालोनीवासियों के सामने तीनों नशेड़ी युवकों को कान पकड़कर उठक बैठक कराते हुए जमकर खातिरदारी कर नशाखोरी नहीं करने की चेतावनी देकर खदेड़ दिया। पुलिस अधिकारियों ने कालोनीवासियों की बैठक लेकर नशाखोरी व असामाजिक तत्वों के क्षेत्र में दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की बात कही।

# बिना लोन दिए एसबीआई ने भेज दिया किसानों को 5-5 लाख वसूली का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ मस्तूरी के स्टेट बैंक आफ इंडिया का मामला, एसपी से शिकायत

मस्तूरी के स्टेट बैंक आफ इंडिया से किसानों को केसीसी योजना का लाभ दिलाने का झांसा देकर बिना कर्जा दिए पैसा पटाने और डेढ़ लाख रुपए के कर्ज के 5 लाख पटाने के नोटिस से हड़कंप मच गया है। बैंक के इस नए धमाल से साइबर फ्रॉड की जागरूकता के बीच अब बैंक फ्रॉड की चर्चा है। हलाकान परेशान किसान चिलचिलाती धूप में इसकी शिकायत लेकर एसपी कार्यालय पहुँचे और एसपी को ज्ञापन सौंपा।

सौंपी गई शिकायत में कहा गया है कि बैंक के मैनेजर, एफओएस पर दस्तावेज को वापस नहीं करने और बिना लोन दिए वसूल करने के लिए नोटिस भेजने की बात कही गई है। पूरा मामला मामला मस्तूरी क्षेत्र के पचपेड़ी तहसील के ग्राम धनगंवा का है। यहां रहने वाले 60 वर्षीय किसान हरप्रसाद कुर्रे और अन्य ने एसपी से शिकायत की है। इसमें कहा गया है को बैंक के मैनेजर सुमंत चौधरी और एफओएस रिकेश साहू फरवरी 2026 में उसके गांव आए थे। इसमें बताया गया कि शासन की योजना के तहत आप लोगों को केसीसी की सुविधा दी जाएगी। इसमें सरकार 50 परसेंट की सब्सिडी दे रही। इसके तहत लोन राशि का आधा पटाना पड़ेगा। शेष आधी लोन राशि सरकार माफ कर देगी।



### आधार, पेन और जमीन के कागज ले लिए

झांसे में आकर और कुछ लोगो ने भी अपना आधार कार्ड, पेनकार्ड, जमीन की ऋण पुस्तिका, बी-1, बी-2, निवास प्रमाण पत्र, फोटो उन्हें दे दिया। कई बार चक्कर कटवाने के बाद बैंक मैनेजर ने बताया कि उनका लोन प्रकरण निरस्त हो गया है। तब यह ग्रामीण कमाने-खाने दूसरे राज्यो में चले गये। इनमें से कुछ को लोन मिला पर कुछ को तो आज तक लोन राशि नही मिली। पूरे मामले का भांडा तब फूटा जब कुछ दिन पूर्व बैंक मैनेजर और एफओएस उनके घर पहुंच गए कि आपको बैंक का ऋण वापस करना है। आप लोगो ने एक भी किश्त नही भरी है। ठगी के शिकार ग्रामीणों ने उन्हें ब ताया गया कि उनका लोन प्रकरण अस्वीकार हो गया है राशि तो मिली ही नहीं है।

### जब लोन ही नहीं तो वसूली किस बात की

ग्रामीणों ने कहा कि जब लोन ही नही दिया गया है तो उनसे वसूली की करवाई क्यों की जा रही है। बैंक की ओर से कहा गया कि पशु खरीदने के लिए लोन दिया गया है।ग्रामीणों ने इससे साफ इंकार किया और खरीदी के लिए लोन तो दूर उन्हें उनके खाते तक नही दिए गए। ग्रामीणों के मुताबिक बैंक मैनेजर की ओर से लोन नहीं पटाने पर जेल भेजने की धमकी दी गई। इससे उनका पूरा परिवार डरा हुआ है। गौरतलब है कि पिछले सुशासन तिहार के दौरान भी मस्तूरी के ही एसबीआई के मैनेजर पर लोन दिलाने के नाम पर हितग्राही से 35 हजार का दारू- मुर्गा डकारने के बाद उसका लोन प्रकरण अस्वीकृत होने का मामला भी सामने आया था।

## दो मकानों से जेवर नकद ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** दो सूने मकानों में चोरों ने धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व नकद रकम की चोरी कर ली है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है।



सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मोपका रामकृष्ण नगर निवासी रिंकी सेन पति स्व. रामेश्वर सेन 10 जून की सुबह 10 बजे अपनी मां शान्ति श्रीवास के घर अशोक नगर चली गई थीं। 11 जून की सुबह 11 बजे वे अपने घर आईं तो दरवाजे में लगा ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखीं तो सामान बिखरे पड़े थे। आलमारी से सोने की चेन, 3 लाकेट, 3 बाली, 3 टाप्स, 1 ब्रेसलेट, 5 नग नाक की पीन, 3 नग पायल, 15 हजार रुपए नकद रकम चोरी कर ली गई थी। दूसरी घटना में सकरी थाना क्षेत्र के सांईनगर अमेरी निवासी कुशी कूर्रे पिता नरोत्तम प्रसाद कुर्रे 11 जून की शाम 5 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर ड्यूटी में चली गई थीं। 12 जून की सुबह 7 बजे वे घर आईं तो ताला टूटा मिला। आलमारी से सोने का लाकेट, एक जोड़ी कान का, 22 तोला चांदी का पायल व नकद रकम चोरी हो गई थी। पुलिस दोनों मकानों का मुआवना करने के बाद अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



## खबर संक्षेप

### वार्ड 18 के घरों में बांटे 930 डस्टबिन



**लोरमी।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत वार्ड क्रमांक 18 ठाकुर देव वार्ड में पार्षद निधि से 930 परिवारों को डस्टबिन डोर टू डोर वितरण किया गया। सभी को हरा डिब्बे एवं नीले डिब्बे की उपयोगिता भी बताया गया। इस अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा अशोक साहू, प्रफुल निशा, अशोक जायसवाल, सभापति पूर्णिमा घनश्याम यादव,पार्षद सोहन डडसेना, शिवशंकर यादव ,संतोष गोस्वामी ,श्यामलाल साहू, एवं नगर पालिका के स्वच्छता दीदी, स्वच्छता टीम सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

### वर्षा ऋतु पूर्व नालियों का सफाई अभियान जारी



**लोरमी।** आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा नगर क्षेत्र में नालियों की व्यापक सफाई का कार्य लगातार किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा के निर्देश पर मुख्य मार्गों सहित विभिन्न वार्डों की नालियों से गाद, कचरा एवं अन्य अवरोधों को हटाकर जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाया जा रहा है, जिससे वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने नगरवासियों से अपील की है,कि वे अपने घरों का कचरा नालियों मंय न डालें तथा केवल डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदियों को ही कचरा प्रदान करें। नालियों में कचरा डालने से जल निकासी बाधित होती है, जिससे जलभराव, गंदगी एवं संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है । नगर पालिका परिषद के सीएमओ चंदन शर्मा ने सभी नागरिकों से स्वच्छ, सुंदर एवं जलभराव-मुक्त नगर निर्माण में सहयोग करने की अपील की है।

### भिलाई में मुक्केबाज़ों ने जीते दो रजत व तीन कांस्य पदक



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में 17वीं छत्तीसगढ़ राज्य सब जूनियर बालक बालिका बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन 10 से 12 जून तक जवाहर नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, हाउसिंग बोर्ड भिलाई में किया गया, जिसमें प्रदेशभर से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जिला एम्योचोर बॉक्सिंग संघ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। सब जूनियर बालक वर्ग के 46 से 52 किलोग्राम भार वर्ग में जलेश्वर महिलांगे ने रजत पदक, 49 से 52 किलोग्राम भार वर्ग में युवराज ने रजत पदक , 30 से 33 किलोग्राम भार वर्ग में आशीष सिंह ने कांस्य पदक , 35 से 37 किलोग्राम वर्ग में मयंक लहरे ने कांस्य पदक , 40 से 43 किलोग्राम भार वर्ग में संतदास ने कांस्य पदक जीतते हुए बेहतरीन मुक्केबाजी का प्रदर्शन किया। सभी खिलाड़ी विकास खण्ड खेल केंद्र लोरमी में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। जिला टीम के प्रशिक्षक मुकेश सिंह राठौर व मैनेजर सुधीर राजपूत रहे।

### प्राथमिक शाला में समर कैंप का समापन



**लोरमी।** शासकीय प्राथमिक शाला महामाया पारा में समर कैंप समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल थे। उन्होंने बच्चों को प्रमाण पत्र वितरण किए। बच्चों के द्वारा समूह बनाकर अलग अलग कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर वॉर्ड नंबर 1 के पार्षद प्रतिनिधि आरती अश्वनी धुर्वे, रमेश जायसवाल, संतोष जायसवाल, प्रभारी प्रधान पाठक जितेन्द्र सिंह कंवर, सहायक शिक्षक नरेंद्र कुमार गेंदले, सहायक शिक्षक सुरेंद्र कुमार सोनवानी एवं वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### शिक्षा विभाग को सौंपी जाए पाठ्य पुस्तकों की वितरण व्यवस्था

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद कौशिक ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम लगातार दूसरे वर्ष भी समय पर पाठ्य पुस्तकों के वितरण में विफल रहा है। संघ के अनुसार, पहले निजी विद्यालयों को जिला मुख्यालय से पुस्तकें मिलती थीं, लेकिन वर्ष 2025-26 से उन्हें राज्य के केवल 6 डिपो से पुस्तक लेने के लिए बाध्य किया गया। इससे विद्यालयों को समय, श्रम और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा तथा कई पुस्तकें सत्र के अंत तक भी उपलब्ध नहीं हो सकीं। पुस्तकों की स्कैनिंग व्यवस्था को भी अनावश्यक बताते हुए इसे शिक्षकों पर अतिरिक्त बोझ बताया गया। संघ का कहना है कि शासन और पाठ्य पुस्तक निगम को पिछले वर्ष समय पर पुस्तक वितरण की मांग का ज्ञापन दिया गया था, लेकिन वर्तमान सत्र 2026-27 में भी निजी विद्यालयों के लिए वही पुरानी व्यवस्था लागू कर दी गई है।

## 1911में 2573 रुपए में बना था डाक बंगला

# विरासत बने वनांचल के बीहड़ों में अंग्रेजों के बनाए विश्राम गृह

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

अचानकमार टाइगर रिजर्व क्षेत्र के घने जंगलों में स्थित ब्रिटिशकालीन विश्राम गृह आज भी अपनी मजबूती, वास्तुकला और ऐतिहासिक महत्व के कारण लोगों को आकर्षित करते हैं। सौ वर्ष से अधिक पुराने ये विश्राम गृह केवल भवन नहीं, बल्कि वनांचल की सांस्कृतिक एवं स्थापत्य विरासत के जीवंत प्रतीक हैं।

ब्रिटिश शासनकाल में अधिकारियों एवं वन प्रबंधन से जुड़े कर्मचारियों के ठहरने के लिए जंगलों के बीच ऐसे विश्राम गृहों का निर्माण कराया गया था। इन भवनों को मुख्य सड़कों से दूर शांत एवं एकांत स्थानों पर बनाया जाता था,ताकि बाहरी हस्तक्षेप, शोर-शराबे और भीड़भाड़ से दूर रहकर अधिकारी प्राकृतिक वातावरण में विश्राम कर सकें। अचानकमार, छपरवा, लमनी, कारिडोंगरी, सुरही और औरापानी में स्थित अधिकांश विश्राम गृह एक जैसी वास्तुशिल्प शैली में निर्मित हैं। इन भवनों में उस दौर की पारंपरिक वातानुकूलन व्यवस्था देखने को मिलती है। कमरों में बड़े कपड़े के पर्देनुमा पंखे लगाए जाते थे, जिन्हें बाहर बैठा सेवादार रस्सी के माध्यम से खींचकर संचालित करता था। इससे कमरे में संतुलित एवं ठंडी हवा का प्रवाह बना रहता था। शीतकाल में ठंड से बचाव के लिए कमरों में आग जलाकर ताप व्यवस्था भी की जाती थी। उस समय आधुनिक सुविधाएं नहीं होने के बावजूद इन विश्राम गृहों में घर जैसी आरामदायक व्यवस्था उपलब्ध कराई गई थी। अचानकमार के सरपंच मीना देवी अंनत ने कहा की स्थानीय विश्राम गृह में सरकार सैलानियों के लिए स्थानीय सरपंचों अथवा महिला समूहों देना चाहिए ताकि रोजगार सृजन एवं आवश्यक देखभाल कर विरासत को संजोया जा सके।






### प्रतिबंधित हुई गतिविधियां

अचानकमार क्षेत्र को टाइगर रिजर्व घोषित किए जाने के बाद इन विश्राम गृहों मंह आम पर्यटकों और सैलानियों की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। वर्तमान में इनका उपयोग सीमित प्रशासनिक एवं वन विभागीय कार्यों तक ही रह गया है।

### उठी संरक्षण की मांग

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अचानकमार, लमनी, छपरवा, सुरही, कारिडोंगरी और औरापानी के ऐतिहासिक विश्राम गृहों का दस्तावेजीकरण कर इन्हें हेरिटेज श्रेणी में शामिल किया जाना चाहिए। उचित संरक्षण एवं संवर्धन के माध्यम से ये भवन छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक पहचान और पर्यटन विकास का महत्वपूर्ण केंद्र बन सकते हैं।

**आदेश के बाद खोले जाएंगे :** डीएफओ मुंगेली सामान्य वनक्षेत्र अभिनव कुमार ने कहा कि एटीआर के कोर जोन क्षेत्र में सुप्रीम कोर्ट ने सैलानियों के लिए प्रतिबंध लगाया हुआ है। सामान्य वनक्षेत्र के ब्रिटिशकालीन कारोडोंगरी विश्राम गृह रिनवल कार्य जारी है। औरापानी के रेस्ट हाउस जर्जर अवस्था है। जिसे स्थानीय विधायक एवं डिप्टीसीएम अरुण साव के माध्यम से विभागीय उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया गया है। स्वीकृति के पश्चात रिनवल कार्य प्रारंभ होगा। अभी सामान्य वनक्षेत्र के विश्राम गृह का शासकीय दर निर्धारित नहीं हुआ है। विभागीय आदेश के बाद सैलानियों के लिए खोल दिए जाएंगे।

### 1911 में बना था डाक बंगला

अचानकमार टाइगर रिजर्व क्षेत्र का एक डाक बंगला वर्ष 1911 में केवल 2573 रुपये की लागत से निर्मित हुआ था। आज के समय में यह राशि भले ही सामान्य प्रतीत हो, लेकिन उस दौर में इसकी क्रय शक्ति अत्यंत अधिक थी। यही कारण है कि इतने सीमित खर्च में बने ये भवन आज भी मजबूती के साथ खड़े हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, उस समय निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री और पारंपरिक तकनीकों का उपयोग किया जाता था। परिणामस्वरूप एक सदी से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अधिकांश भवनों की दीवारों एवं संरचना में कोई विशेष कमजोरी दिखाई नहीं देती।

### संरक्षण की जरूरत

सामान्य वनक्षेत्र के औरापानी एवं कारिडोंगरी के विश्राम गृहों का वन विभाग समय-समय पर मरम्मत एवं रखरखाव करता रहा है। औरापानी जर्जर अवस्था पर है,वही कारिडोंगरी रिनवल कार्य जारी है। कारिडोंगरी का विश्राम गृह वर्ष 1947 में निर्मित हुआ था, जहां वर्तमान में नवीनीकरण कार्य भी प्रारंभ है।स्थानीय इतिहास प्रेमियों एवं पर्यावरणविदों का मानना है कि इन विश्राम गृहों को केवल सरकारी भवन के रूप में नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर और विरासत स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। इससे आने वाली पीढ़ियों को वनांचल के इतिहास, ब्रिटिशकालीन वास्तुकला और उस दौर की जीवनशैली को समझने का अवसर मिलेगा।



## केंद्र एवं राज्य सरकार जनहित और विकास को दे रही सर्वोच्च प्राथमिकता

**मुंगेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सुशासन सहभागिता सप्ताह के अंतर्गत संचालित प्रगति पथ कार्यक्रम के तहत मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने नगर में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति की समीक्षा की।

विधायक मोहले ने आगर खेल परिसर, निरंजन प्रसाद केशरवानी बाल उद्यान,गौरव पथ, स्विमिंग पूल, नालंदा परिसर, पुष्पवाटिका उद्यान सहित अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार जनहित और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है तथा इन विकास परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि अगर खेल परिसर के जीर्णोद्धार कार्य पर 89.28 लाख रुपये, निरंजन प्रसाद केशरवानी बालवाटिका (मलाई घाट) के जीर्णोद्धार कार्य पर 25.24 लाख रुपये, गौरव पथ उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण कार्य पर 505.81 लाख रुपये, 250 सीटर नालंदा परिसर निर्माण कार्य पर 441.05 लाख रुपये, पुष्पवाटिका उद्यान उन्नयन कार्य पर 194.72 लाख रुपये तथा स्विमिंग पूल निर्माण कार्य पर 635.70 लाख रुपये की लागत से कार्य प्रगति पर हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला एवं शैलेष पाठक, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक, वरिष्ठ नेता लोकनाथ सिंह, जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव, पार्षद प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह, पार्षद असलम खान, पार्षद जितेंद्र दावडा, नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी, महामंत्री मन्नू श्रीवास्तव, लेखू साहू, वासु देवांगन, रवि साहू, दीपक सोनकर, निलेश पेंढारकर, रितिमा लाल, लवन डाहिरे, रमेश बुनकर, घनश्याम यादव, प्रिंस देवांगन, सचिन सोनी, अनुविभागीय अधिकारी अजय शतरंज, मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी तथा भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिलाओं की छिपी प्रतिभाओं को नई पहचान

### एसईसीएल नारी राग-रंग महोत्सव का उत्साहपूर्ण समापन




**बिलासपुर।** श्रद्धा महिला मंडल की 'एसईसीएल नारी राग-रंग महोत्सव 2026' का शनिवार को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में भव्य समापन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि हरीश दुहन ने कहा कि महोत्सव ने महिलाओं की छिपी प्रतिभाओं को नई पहचान दी।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन एवं श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा शशि दुहन रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसईसीएल के निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास, श्रद्धा महिला मंडल की उपाध्यक्षागण अनीता फ्रैंकलिन, इप्सिता दास एवं शुभश्री महापात्र एवं श्रद्धा महिला मंडल की उपाध्यक्षगण, कार्यकारिणी सदस्याएं, कर्मचारीगण एवं उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री दुहन ने अपने संबोधन में कहा कि "नारी राग-रंग महोत्सव का उद्देश्य महिलाओं के भीतर छिपी प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना है। प्रतिभागियों के उत्साह और उत्कृष्ट प्रस्तुतियों ने सिद्ध किया है कि यह पहल अपने उद्देश्य में सफल रही है। भविष्य में भी महिलाओं की प्रतिभा, आत्मविश्वास और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करने हेतु ऐसे आयोजन निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मान किया गया।

### उत्कृष्ट प्रस्तुतियों ने मोहा मन

महोत्सव के द्वितीय दिवस समूह गायन, समूह नृत्य, स्टैंड-अप कॉमेडी, मिमिक्री तथा नाटक, स्किट प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान किया।



## नाटक, गीत पेश कर किया प्रतिभा का प्रदर्शन



**बिलासपुर।** एनटीपीसी सीपत के आवासीय परिसर में एनटीपीसी लिमिटेड की नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान का शनिवार को भावपूर्ण समापन हुआ। इस दौरान बालिकाओं ने नाटक, समूह गीत एवं अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रशिक्षण अवधि के दौरान अर्जित अपने अनुभव, आत्मविश्वास और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी के माध्यम से सीखी गई विभिन्न कलाओं को भी साझा किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल कलेक्टर का स्वागत विशिष्ट अतिथि स्वपन कुमार मंडल, परियोजना प्रमुख एनटीपीसी सीपत ने किया। मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल ने बालिका सशक्तिकरण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा, आत्मविश्वास और सही मार्गदर्शन किसी भी बालिका के भविष्य को नई दिशा दे सकता है। शिखा मंडल अध्यक्षा संगवारी महिला समिति, आईपीएस अंशिका जैन बालिकाओं को अपने अनुभव साझा किया। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन एवं अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला, निशा यादव ने भी बालिकाओं को विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर महाप्रबंधक सुरोजीत सिन्हा, अशोक सरकार, विकास खरे, जयप्रकाश सत्यकाम, आदि उपस्थित थे।

## ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दे रहे राजपूत



**तखतपुर।** भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश राजपूत विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों एवं नगर क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर जनसंपर्क कर रहे हैं। इस दौरान श्री राजपूत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, किसान हितैषी नीतियों तथा देश के समग्र विकास में केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी ग्रामीणों को दे रहे हैं। साथ ही वे केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों, युवाओं, महिलाओं तथा आम नागरिकों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का संदेश भी दे रहे हैं। जनसंपर्क अभियान के दौरान श्री राजपूत वरिष्ठ भाजपा नेताओं, शिक्षकों, चिकित्सकों, रियल एस्टेट व्यवसायियों, कपड़ा व्यवसायियों, जनरल स्टोर्स संचालकों, राइस मिल संचालकों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर उनका सम्मान कर रहे हैं। दिनेश राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, किसान कल्याण, आधारभूत संरचना, सामाजिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। जनसंपर्क अभियान का उद्देश्य इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना तथा नागरिकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है।

### एजुकेशन प्लस

## प्रगतिशील शैक्षणिक संस्थान के भवन का शुभारंभ



**मुंगेली।** नगर के तेजी से उभरते प्रगतिशील शैक्षणिक संस्थान ने 11 जून को अपने नवीन एवं स्वामित्व वाले भवन का शुभारंभ किया। विद्यालय की यह उपलब्धि वर्षों की मेहनत, समर्पण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है।

पिछले 2-3 वर्षों में विद्यालय ने शिक्षा, अनुशासन, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। विद्यालय के निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन और बढ़ते विश्वास ने इसे मुंगेली क्षेत्र के प्रमुख उभरते हुए विद्यालयों में स्थापित किया है। नए भवन के शुभारंभ अवसर पर आध्यात्मिक वातावरण में सत्यनारायण कथा, हवन-पूजन, सुंदरकांड पाठ एवं मंगल अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। पूरे परिसर में भक्ति, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय की संस्थापक आस्था चौबे, विद्यालय के डायरेक्टर अविनाश चौबे, प्राचार्य सपना जोशी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं कर्मचारी अभिभावक उपस्थित थे।

वक्ताओं ने कहा कि किराए के भवन से शुरू हुई यह यात्रा आज अपने भव्य भवन तक पहुंची है, जो विद्यालय परिवार की मेहनत, दूरदर्शिता और शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

## पीएमश्री स्कूल में दस दिवसीय समर कैंप का समापन

# छात्रों ने प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर किया प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

समग्र शिक्षा एवं जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में 2 से 12 जून तक दस दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विधाओं के प्रशिक्षकों एवं विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

शिविर में योग, खेलकूद, नृत्य, संगीत, चित्रकला तथा बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसी विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी को प्रभावित किया। योग सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया, जिससे उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को लाभ प्राप्त हुआ। वहीं खेलकूद गतिविधियों के माध्यम से अनुशासन, टीम भावना एवं खेल भावना का विकास किया गया।

सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों को नृत्य एवं संगीत का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। चित्रकला गतिविधि में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता एवं कलात्मक कौशल का परिचय दिया, जबकि बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट गतिविधि के माध्यम से अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी एवं आकर्षक सामग्री तैयार कर पर्यावरण संरक्षण एवं पुनर्चक्रण का संदेश दिया। समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता एवं सहयोग की भावना का विकास हुआ। साथ ही खेल एवं योग के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा विद्यार्थियों को नई-नई तकनीकों एवं कौशलों को सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। समर कैंप का समापन 12 जून को एसएमडीसी अध्यक्ष रामशरण यादव, सदस्य दुश्यंत दूबे, अरविंद सिंह राजपूत, शिक्षक-पालक संघ के अध्यक्ष के आतिथ्य में संपन्न हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए रामशरण यादव ने समर कैंप की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से ऐसे आयोजनों में अधिकाधिक सहभागिता करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें प्रमाण-पत्र, मेडल एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजन को सफल बनाने में शाला के व्याख्याता पंकज मिश्रा, राहुल वर्मा, उमाशंकर साहू, पारूल ओझा, दीपांजली सोनी, रश्मि पाण्डेय, दिलेश्वरी, रीना मरावी, सविता देवांगन, शबनम बानों, पुष्पांजली कोशले, शिक्षक वीरसिंह सोनवानी, ललित प्रसाद पाटले, साकेत शुक्ला, एकता तिवारी, यीतेश्वरी ठाकुर, नवीन रात्रे तथा लिपिक बंशीलाल कुम्हार एवं राकेश साहू का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन सांत्वना दत्ता द्वारा किया गया।